# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## गृहमंत्री बोले- खत्म होना चाहिए नक्सलवाद



रायपुर। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव सरकार बनने के बाद अब तक 122 नक्सली हुए ढेर हुए हैं। 415 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 423 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण किया है। नक्सल समस्या का समाधान हमारी सरकार की बड़ी प्राथमिकता है। पुनर्वास और विकास से नक्सलवाद खत्म होना चाहिए ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है और हमारी सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रही है के बाद एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ फोर्स आक्रामक रवैया अपनाए हुए हैं।



बस्तर में 8 करोड़ से अधिक के ईनामी 123 माओवादी

इन पर 25 से 5 लाख तक के ईनाम

### साल भर पूर्व से पांच राज्यों की पुलिस चला रही ज्वाइंट ऑपरेशन

# फोर्स की हिट लिस्ट में 25 करोड़ के टॉप मोस्ट नक्सली, 135 दिनों में मार गिराए 120 से ज्यादा

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

खास खबर

सरकार के इस निर्णय के बाद नक्सलियों का सफाया करने फोर्स पीछे पड़ी हुई है और यही वजह है कि पिछले साढ़े ख्सा माह में 122 से अधिक नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया है। सरकार की सरेंडर करो या मरो की रणनीति पर ⏭ शेष पेज 4 पर


नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक
मार गिराए 29
इनमें टॉप कमांडर भी

### बस्तर में 8 करोड़ से अधिक के 123 ईनामी माओवादी सक्रिय

देश के नक्सल प्रभावित अलग अलग राज्यों में सक्रिय माओवादियों पर वहां की सरकारों ने 25 करोड़ से अधिक का इनाम घोषित कर रखा है। अकेले बस्तर संभाग में टॉप नक्सली लीडरों पर 8 करोड़ से अधिक ⏭ शेष पेज 4 पर

### इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रणनीति का हिस्सा, समर्पण की अपील भी

*नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन लगातार जारी है। वहीं इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रणनीति का हिस्सा है। जिसके तहत पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर हम काम कर रहे हैं। नक्सल संगठन में शामिल नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए और हम लगातार उनसे अपील भी कर रहे है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व शांति का वातावरण और क्षेत्र का विकास होगा।*

*-विवेकानंद सिन्हा*
*एडीजी, नक्सल ऑपरेशन छग*

### मारे गए सीसी मेंबर में ये शामिल

*पिछले तीन वर्ष में पांच टॉप लीडर की मौत हो चुकी है, इनमें डीकेएसजेडसी सचिव व सेंट्रल कमेटी मेंबर रमन्ना की मौत 7 दिसम्बर 2019 को बीमारी के चलते हो चुकी है। वहीं एक और केन्द्रीय कमेटी मेंबर हरिभूषण की मौत 21 जून 2021 को कोरोना माहमारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से, दीपक तेलतुबडे की मौत गढ़चिरौली के मर्दनटोला जंगल में 13 नवम्बर 2021 को मुठभेड़ में, शोभराय की मौत कोरोना पॉजिटिव होने से 6 जून 2021 को रामकृष्ण की मौत भी बीमारी के चलते 14 अक्टूबर* ⏭ शेष पेज 4 पर







# रायपुर समेत चार जिलों में 46 डिग्री का कहर , ट्रैफिक जवान और महिला की मौत

देश के कई हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ में गर्मी चरम पर पहुंच चुकी हैं। गर्म हवाओं ने राज्य के बड़े हिस्से को बेहाल कर रखा है। रायपुर समेत चार जिले ऐसे हैं, जहां गुरुवार का पारा 46 डिग्री से ज्यादा रहा। इस भीषण गर्मी ने कई को अस्पताल पहुंचाया है। यहां रायपुर में एक ट्रैफिक जवान और बिलासपुर में वृद्धा की जान चली गई। आशंका है, दोनों गर्म हवाओं से प्रभावित हुए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी के तांडव ने प्रदेश में दो जानें ले ली है। राजधानी रायपुर में ड्यूटी करने जा रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी की भीषण गर्मी से मौत हो गई है। रायपुर के भनपुरी यातायात थाना में पदस्थ ट्रैफिक पुलिसकर्मी भागीरथी कंवर भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान उनकी अचानक मौत हो गई। बिलासपुर में भी एक महिला की मौत हो गई है। सरगांव के वार्ड क्रमांक-14 में अपने के आंगन में महिला चक्कर खाकर बेहोश हो गई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। ⏭ शेष पेज 4 पर



### छग के दर्जनभर जिलों में शुक्रवार को भी लू और उष्ण रात्रि की चेतावनी

### मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल, छग में प्रवेश 12 जून के बाद

#### 2 जून से प्री मानसून

गुरुवार को भी आसमान में देर शाम हल्के बादल छाए रहे, लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल सकी। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के अनुसार, शुक्रवार को तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है। इसके बाद शनिवार को भी थोड़ी कमी आएगी, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। गर्मी से राहत प्री मानसूनी गतिविधियों के अंतर्गत होने वाली एक-दो बारिश ⏭ शेष पेज 4 पर


रायपुर में इतनी भीषण गर्मी कि वाहनों पर भी छिड़कना पड़ रहा पानी।

#### सीएम साय बोले- सावधानी बरतें

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों से सावधानी बरतने और इससे बचने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से खुद का और परिजनों का ख्याल रखने की बात कही है। श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जारी वीडियो संदेश में कहा है ⏭ शेष पेज 4 पर



इधर, खुशखबरी

## केरल पहुंचा मानसून



नई दिल्ली। चक्रवात रेमल के प्रभाव से दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बृहस्पतिवार को केरल तट और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में दस्तक दे दी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान से एक दिन पहले ही दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि चक्रवात ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया, जो पूर्वोत्तर में समय से पहले मानसून के दस्तक देने का एक ⏭ शेष पेज 4 पर

#### इन राज्यों को मिलेगी राहत

पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में मानसून के आने की सामान्य तारीख 5 जून है। इसी दौरान अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कोमोरिन, मालदीव, लक्षद्वीप के बाकी हिस्सों, ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले में अब केस दर्ज



बेमेतरा। जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी-पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री में हुए बारूद विस्फोट के मामले में प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन के एक पदाधिकारी के खिलाफ नामजद व अन्य के नाम से रिपोर्ट दर्ज की है। उप मुख्य विस्फोटक निरीक्षक पेट्रोलियम पदार्थ एवं एक्सप्लोसिव सुरक्षा संगठन केन्द्रीय सचिवालय की जांच रिपोर्ट के आधार पर कण्डरका चौकी पुलिस ने स्पेशल ब्लास्ट कंपनी पिरदा के पदाधिकारी अवधेश जैन एवं अन्य पर विस्फोटक ⏭ शेष पेज 4 पर

#### 8 लोग हैं लापता

पुलिस रिकार्ड के अनुसार विस्फोट में घायल हुए 07 लोगों को इलाज के लिए रायपुर भेजा गया था, जिसमें एक व्यक्ति सेवक राम साहू पिता डहर साहू (50), निवासी पिरदा की मृत्यु हो गई है। वहीं, पीईटीएन सेक्शन में कार्यरत 8 मजदूर घटना के बाद से लापता होने का मामला दर्ज किया गया है।

सेरंगदाग उप स्वास्थय का मामला

## सरकारी अस्पताल में दारू-मुर्गा पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शराबियों ने सरकारी ठिकानों को भी नहीं बख्शा है। सेरंगदाग में तो बीमारों की सेहत सुधारने वाले स्वास्थ्यकर्मियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र को ही मुर्गा-दारू पार्टी का ठिकाना बना लिया था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम ने मामले की जांच की और जांच के बाद दूरस्थ सब हेल्थ सेंटर सेरंगदाग के आरएचओ को सीएमएचओ ने निलंबित कर दिया है।



बता दें कि बलरामपुर जिले के सामरी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम सेरंगदाग में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में आरएचओ सुनील मिंज का ग्रामीणों द्वारा दारू-मुर्गा पार्टी करने का वीडियो बनाकर वायरल किया गया था। ग्रामीणों का आरोप था कि ⏭ शेष पेज 4 पर

#### जांच के आधार पर कार्रवाई

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि वीडियो वायरल के बाद मामले की जांच की गई और एसडीएम के प्रतिवेदन के आधार पर आरएचओ को निलंबित किया गया है।

सत्यापन के नाम पर मांगे थे 10 हजार

## रिश्वत लेते पकड़ा गया कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

पासपोर्ट कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जूनियर असिस्टेंट पासपोर्ट ऑफिसर को 8 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक ने पांच लोगों से हज यात्रा के लिए पासपोर्ट बनाने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की थी लेकिन युवक रुपए देने को तैयार नहीं थे। ऐसे में उन्होंने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में की थी। शिकायत के बाद टीम ने आज ट्रेप कार्रवाई की और जूनियर ⏭ शेष पेज 4 पर

#### पासपोर्ट कार्यालय में हड़कंप

एसीबी की इस कार्रवाई के बाद पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी अधिकारी को पकड़कर एसीबी कार्यालय ले आई जहां पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। एसीबी ने मामले में ⏭ शेष पेज 4 पर




### सीएम, दोनों डिप्टी सीएम भी होंगे शामिल

# छग के मंत्री आज से दो दिन आईआईएम में रहेंगे, कई विषयों पर चिंतन के साथ ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों को ट्रेनिंग देने के लिए शुक्रवार 31 मई से दो दिनों का चिंतन शिविर लगाया जाएगा। खास बात ये है कि सरकार के सभी मंत्री दो दिनों तक आईआईएम कैंपस में रहकर ही कार्यक्रम में शामिल होंगे। इन दो दिनों में मंत्री विकसित छत्तीसगढ़ का दस वर्षों का विजन, सामाजिक स्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग, खनन क्षेत्र में सुधार, संचार एवं मीडिया प्रबंधन, एग्रीकल्चर और सोशल सेक्टर की जानकारी ⏭ शेष पेज 4 पर

#### नीति आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम, अमिताभकांत भी होंगे





#### विकसित छत्तीसगढ़ पर रखेंगे विचार

राज्य सरकार के मंत्रियों के प्रशिक्षण के लिए होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत के पहले दिन 31 मई को सुबह दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा शामिल होंगे। इसके बाद सबसे पहले विकसित छत्तीसगढ़ 10 वर्षों का विजन विषय पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार रखेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 10 से 10.50 तक होगा। इसके बाद से 11 से 11.40 तक सामाजिक क्षेत्र स्वास्थ्य विषय पर प्रोफेसर ⏭ शेष पेज 4 पर

#### दूसरे दिन 1 जून को होंगे ये कार्यक्रम

कार्यक्रम के अगले दिन यानी 1 जून को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े 6 बजे से योग से होगी। सुबह साढ़े 7 बजे तक चलने वाले योग में विषय विशेषज्ञ एसपी आरके मिंज पीटीएस माना रायपुर होंगे। इसके बाद सुबह साढ़े 9 से 10.20 तक सुशासन के लिए प्रौद्योगिकी एवं डेटा विश्लेषण विश्लेषण पर टीपी सिंह निदेशक वीआईएसएजी गांधी नगर अपनी बात रखेंगे। सुबह साढ़े 10 से 11.30 तक सुशासन से रूपांतरण: शासन में सुधार एवं अभिसरण के माध्यम से परिवर्तन विषय पर अमिताभ कांत जी 20 शेरपा अपने विचार व्यक्त करेंगे। 11.30 से 12.20 बजे तक कृषि ⏭ शेष पेज 4 पर

# संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल

द्वारा 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनहित में जारी

## कैंसर के शुरुवाती लक्षण

- मुंह के ना भरने वाले छाले, मसूड़ों से खून आना
- गले, शरीर या स्तन में कोई गांठ
- आवाज में बदलाव, खाना निगलने में कठिनाई
- लंबी खांसी, खांसी में खून, सांस लेने में कठिनाई
- अकारण वजन कम होना, भूख ना लगना
- मल, मूत्र या बच्चेदानी के रास्ते से खून आना

उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर तुरंत कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट करवाएं

तंबाकू से नाता तोड़ो,
स्वस्थ जीवन से
नाता जोड़ो

BREAK
THE HABIT
TODAY



## हमारे कैंसर विशेषज्ञ

### डिपार्टमेंट ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

**डॉ. यूसुफ़ मेमन**
MBBS, MS, FSOG, FIAGES, FMAS
डायरेक्टर एवं सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ अर्पण चतुर्मोहता**
MS, MCh, FIAGES
सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ दिवाकर पांडेय**
MS, MCh, DNB, FACS
सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ. विवेक पटेल**
MBBS, MS, MCh
सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ कल्याण पांडेय**
MBBS, MS, MCh
सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ रुद्र प्रताप सिंह**
MS, DNB (ORTHOPEDICS)
ऑर्थोपेडिक कैंसर सर्जन

### डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल ऑन्कोलॉजी

**डॉ विकास गोयल**
MD, DM (HAEMATOLOGY)
रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ

**डॉ अनिकेत ठोके**
MD, DNB, ESMO
कीमोथेरेपी विषेशज्ञ

**डॉ राकेश मिश्रा**
MBBS, MD, DM
मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

### रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

**डॉ रमेश कोठारी**
MBBS, MD, DMRT
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

**डॉ सतीष देवांगन**
MBBS, MD
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

### डिपार्टमेंट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसीन एंड रेडियोलॉजी

**डॉ सरीन कृष्णा**
MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

**डॉ विलास मेश्राम**
MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

**डॉ शुभम असरानी**
MBBS, MD (Radiology)
रेडियोलॉजिस्ट

- पेट स्कैन, सीटी स्कैन
- SPECT (गामा कैमेरा)
- आयोडीन थेरेपी
- स्ट्रेस थैलियम, HIDA
- बोन, रेनल, थायराइड स्कैन
- डिजिटल मैमोग्राफी
- DTPA, DMSA, EC स्कैन

### पेन, पैलिएटिव एंड सपोर्टिव मेडिसीन

**डॉ. अविनाश तिवारी**
MD (Palliative Medicine)
पेन व पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ

**डॉ. नलनेश शर्मा**
BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION)
फिजियोथैरेपिस्ट

### कैंसर के इलाज के लिए संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ही क्यों ?

- 50 डॉक्टर, 20 कैंसर और संबद्ध विशेषज्ञ, एवं 350 स्टॉफ की अनुभवी टीम
- मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त
- NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, Railway, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत, खूबचंद बघेल एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त ।

### डिपार्टमेंट ऑफ क्रिटिकल केयर एंड एनेस्थीसिया

**डॉ. हितेन मिस्त्री**
MBBS, MD (ANAESTHESIA)

**डॉ. राहुल गोयल**
MBBS, MD(ANAESTHESIA) FNB

**डॉ. फिरोज मेमन**
MD (MEDICINE), डायबेटोलॉजिस्ट एवं नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट

**डॉ योशिता मूलचंदानी**
MBBS, MD (ANAESTHESIOLOGY)

### डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी

**डॉ पार्वती जोशी**
MD (Path), PGI Chandigarh

**डॉ आमिर हुसैन**
MD (PATHOLOGY)

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.), +917389905010, +917389904010, +917714081010, 4061010

रायपुर

शुक्रवार, 31 मई 2024

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी

वर्ष : 22, अंक : 312

पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 46.8

न्यून. 31.1

## एक ही दिन में निवेशकों के डूबे चार लाख करोड़

शेयर बाजार में 5वें दिन गिरावट



सेंसेक्स 617.30 अंक फिसला

निफ्टी 216.05 अंक नीचे आया

73885 अंक पर सेंसेक्स बंद

22488.65 अंक पर निफ्टी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में गुरुवार को पांचवे दिन भी गिरावट जारी रही। गुरुवार को एक दिन में निवेशकों के 3.88 लाख करोड़ रुपए डूब गए। सुबह सवा 10 बजे ही बीएसई सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक गिर चुका था। गुरुवार को लगातार 5वां सत्र है, जबकि शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 216.05 अंक गिरकर 22488 अंक के लेवल पर बंद हुआ है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 617.30 अंक गिर कर 73 885 अंक के लेवल पर बंद हुआ। शेयर बाजार में दिन के कामकाज में काफी उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया, एक बार शेयर बाजार 800 अंक के गिरावट पर कामकाज कर रहा था। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले शेयर बाजार में कमजोरी बढ़ गई है।

# प्रदेश में गर्मी इतनी कि बंद करना पड़ा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राजधानी सहित पूरा प्रदेश पिछले लगभग एक सप्ताह से भीषण गर्मी की चपेट में है। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को आदेश जारी कर प्रदेश के शासकीय स्कूलों में संचालित सभी समर कैंप को तत्काल प्रभाव से बंद करने कहा गया है। यह आदेश तब जारी किया है, जब शुक्रवार को समर कैंप का समापन होना है। बताया जाता है कि भीषण गर्मी के कारण छात्र सप्ताहभर से ही दिए जा रहे प्रशिक्षण से हलाकान थे। अब मात्र एक दिन पहले इसे बंद करने का निर्णय लिया गया है।



### आज सर्टिफिकेट वितरण के साथ होना था समापन

- रचनात्मकता बढ़ाने शासकीय स्कूलों में आयोजित किए गए थे समर कैंप

**शिक्षक भी परेशान**

ना सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक भी पूरे समर कैंप के दौरान परेशान होते रहे। अधिकतर शासकीय स्कूलों में मात्र पंखों की ही व्यवस्था होती है। इससे बच्चों को विशेष राहत नहीं मिल सकी। कार्रवाई के भय से शिक्षक भी नियमित रूप से आते रहे। समर कैंप का समापन 31 मई अर्थात आज होने वाला था। शुक्रवार को विभिन्न विधाओं में हिस्सा लेने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट का वितरण किया जाना था। सर्टिफिकेट में छात्रों के नाम लिखे जाने से लेकर शिक्षकों ने अन्य तरह की तैयारियां कर ली थी।

### सभी स्कूलों में आयोजन नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मई के प्रथम पखवाड़े में आदेश जारी कर समर कैंप का संचालन करने कहा गया था। शासकीय विद्यालयों के साथ ही निजी विद्यालयों में भी बच्चों के लिए कैंप लगाने कहा गया था। निजी स्कूलों में इस तरह की गतिविधियां पूर्व में भी आयोजित की जाती रही हैं। शासकीय स्कूलों में यह अपनी तरह का पहला प्रयोग था। प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों ये कैंप नहीं लगाए गए। प्रत्येक जिलों के कुछ ही स्कूलों में यह कैंप लगाया गया, जहां अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी प्रशिक्षण हासिल किया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कलेक्टर को 45 दिनों में फैसला लेने के निर्देश

**बिलासपुर।** धान संग्रहण केन्द्रों के प्रभारियों को चावल में कमी बताकर अस्सिटेंट रजिस्ट्रार द्वारा नोटिस जारी करने के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जिला कलेक्टर को 45 दिनों में फैसला लेने का निर्देश दिया है। सहकारी समिति के अस्सिटेंट रजिस्ट्रार ने मुंगेली जिले सरोठा धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी राजेश कुमार चन्द्राकर को 1041 क्विंटल चावल में कमी और पैजनिया धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी श्रवण कश्यप को 450 क्विंटल चावल की कमी बताकर नोटिस जारी किया था।

### 25 लाख मूल्य के नकली नोट जब्त, चार गिरफ्तार

**नागपुर।** पुलिस ने 25 लाख रुपए मूल्य के नकली नोट के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने राहुल वासुदेव ठाकुर (31) की शिकायत पर ये गिरफ्तारियां की गई और नकली नोट जब्त किए गए। फेसबुक पर जल्दी पैसा कमाने की योजना संबंधी एक विज्ञापन देखा।

### पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन की मौत

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट



होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए। बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे।

### रितुपर्णा को पांच जून को पेश होने का समन

**कोलकाता।** ईडी ने कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में बंगाली अभिनेत्री



रितुपर्णा सेनगुप्ता को समन जारी किया है। उन्हें पांच जून को पेश होने को कहा। सेनगुप्ता को कोलकाता स्थित एजेंसी के कार्यालय में ईडी अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

### फैक्ट्री में आग से घायल हुए तीन लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत जिले में रबर की फैक्ट्री में आग लगने से घायल हुए तीन लोगों की मौत हो गई है।



रबर फैक्ट्री में मंगलवार को आग लग गई थी जिसमें करीब 40 लोग घायल हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया, राई औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को हुई घटना में घायल हुए लोगों में से तीन की मौत हो गई है।

### मौनं सर्वार्थ साधनम

# 206 रैली-सभाओं के बाद अब 45 घंटे का 'ध्यान'



**45** घंटे नहीं खाएंगे अन्न

**30** मई से शुरू 1 जून को खत्म

**3000** से अधिक जवान तैनात

एजेंसी ▶▶ कन्याकुमारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार की शाम यहां प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे तक चलने वाली अपनी ध्यान साधना शुरू की। निकटवर्ती तिरुवनंतपुरम से हेलीकॉप्टर द्वारा यहां पहुंचने के बाद मोदी ने भगवती अम्मन मंदिर में पूजा की। इसके बाद नौका सेवा के जरिये रॉक मेमोरियल पहुंचे तथा ध्यान लगाना शुरू किया। प्रधानमंत्री की ध्यान साधना एक जून तक चलेगी। धोती और सफेद शॉल ओढ़े मोदी ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और गर्भगृह की परिक्रमा की। पुजारियों ने एक विशेष आरती की और उन्हें मंदिर का प्रसाद दिया गया जिसमें शॉल और मंदिर के देवता की तस्वीर थी।

- भगवती अम्मन मंदिर में की पूजा, फिर विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे पीएम मोदी



### पहली बार स्मारक पर ठहरेंगे प्रधानमंत्री

प्रख्यात हिंदू संत (विवेकानंद) के नाम पर बना यह स्मारक समुद्र के मध्य में स्थित है। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री इस स्मारक पर ठहरेंगे। यह स्मारक स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि स्वरूप बनाया गया है।

*लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए उन 57 सीट पर प्रचार का शोर गुरुवार शाम थम गया, जहां एक जून को मतदान है। इनमें केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट शामिल हैं।*

## लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण में 57 सीटों पर घमासान के बाद अब खामोशी

# आखिरी रण, जीत का प्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/वाराणसी

- *प्रचार थमा, आठ राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश में कल होगा मतदान*
- *पीएम मोदी ने रैलियां-रोड शो सहित 206 जनसंपर्क कार्यक्रम किए*
- *कांग्रेस से खड़गे, राहुल और प्रियंका ने की सभा और रैलियां*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 486 सीट पर मतदान हो चुका है। पहले छह चरणों में मतदान क्रमशः 66.14 प्रतिशत, 66.71, 65.68, 69.16, 62.2 और 63.36 फीसदी रहा। मतों की गिनती चार जून को होगी। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्ट, हिंदू विरोधी होने, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति में संलिप्त होने जैसे आरोप लगाए। विपक्षी दल दावा कर रहे हैं कि भाजपा किसान विरोधी, युवा विरोधी है और चुनाव जीतने पर संविधान को बदल देगी तथा उसे खत्म कर देगी। 16 मार्च को निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैलियों और रोड शो सहित 206 जनसंपर्क कार्यक्रम किए हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता में है, जहां 'इंडिया' में शामिल 'आप' और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। इस राज्य में प्रचार ▶▶ शेष पेज 4 पर



### काशीवासी एक जून को बनाएं मतदान का नया रिकॉर्ड : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मतदाताओं से विकसित भारत के निर्माण के लिए एक जून को मतदान का नया रिकार्ड बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो के माध्यम से संदेश जारी किया है। इसमें वाराणसी के मतदाताओं से कहा कि विश्व की सांस्कृतिक राजधानी और संगीत तथा शास्त्रार्थ की धरती काशी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा और काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है।



### अंतिम चरण में इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

- नरेंद्र मोदी- वाराणसी (यूपी)
- अनुप्रिया पटेल- मिर्जापुर
- अभिषेक बनर्जी-डायमंड हार्बर (प.बंगाल)
- मीसा भारती- पाटलिपुत्र (बिहार)
- आरके सिंह- आरा (बिहार)
- रविशंकर प्रसाद - पटना साहिब (बिहार)

### इन राज्यों में भी कड़ा मुकाबला

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में जिन 57 सीटों पर चुनाव हो रहा है, 2019 के चुनाव में उनमें से 25 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी। बिहार और यूपी की 05 सीटों पर बीजेपी के सहयोगी दलों ने जीत हासिल की थी। आखिरी चरण में चंडीगढ़ की एक सीट, हिमाचल की 04, पश्चिम बंगाल की 09, झारखंड की 03 और ओडिशा की 06 सीट लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

# शिकार के लिए बिछाए गए करंट से हुई बजरंग दल नेता और युवती की मौत

### सड़क पर उतरा बजरंग दल, किया एनएच जाम, पुलिस ने चलाई लाठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बजरंग दल के जिला संयोजक की मौत अवैध शिकार के लिए लगाए गए करंट से हुई थी। घटना को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता एक बार फिर से सड़क पर उतर आए और एनएच 343 पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ▶▶ शेष पेज 4 पर

- पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी
- एनएच 343 पर वाहनों की लंबी कतार



### चल रही है पूछताछ

युवक युवती की मौत के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके पास से तरंगित तार, टंगिया व अन्य सामान बरामद किए गए है। दोनों की मौत करंट से ही हुई है। आरोपियों से कुछ पूछताछ और की जानी है। प्रदर्शनकारियों को भी समझाइश दी जा रही है।

\- शैलेन्द्र पांडेय, एएसपी

## प्रज्ञानानंदा का जादू, वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को उनके घर में ही दी मात

नॉर्वे शतरंज



- क्लासिकल गेम : कार्लसन पर पहली जीत
- 5.5 अंक से शीर्ष पर
- 37 चाल में दी मात
- 3 राउंड खत्म
- 7 दौर के मैच बाकी

**स्टावेंगर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन को उसके घर में शिकस्त दी है। उन्होंने इस जीत के साथ नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में बढ़त भी हासिल कर ली है। 18 वर्षीय प्रज्ञानानंदा ने कई बार रैपिड शतरंज या फिर प्रदर्शनी मैचों में कार्लसन को हराया है, लेकिन क्लासिकल गेम में यह कार्लसन पर उनकी पहली जीत रही।

### जम्मू में भीषण हादसा, 69 यात्री घायल

# 150 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 22 की मौत



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के जम्मू जिले में गुरुवार को श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से 22 यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 69 अन्य घायल हो गए। इनमें 57 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया और 12 लोगों का इलाज अखनूर उपजिला अस्पताल में जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चोकी चोरा क्षेत्र में तांगली मोड़ पर यह बस सड़क से फिसलकर करीब 150 फुट गहरी खाई में जा गिरी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

जम्मू के अखनूर में हाथरस की बस खाई में पलटने की सूचना मिलते ही हाथरस जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला प्रशासन तत्काल बस नंबर के आधार पर आरटीओ कार्यालय से ब्यौरा एकत्रित करना शुरू कर दिया। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने बस गिरने की सूचना मिलते ही तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए। आम लोगों की सहायता हेतु हेल्पलाईन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए गए हैं। जिनके माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री

उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

### तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ गया संतुलन

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के चूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस के चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह दुर्घटना हो गई। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

## थाना परिसर में सेना के जवानों ने लहराए हथियार

# थाने पर हमला, 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 जवानों पर केस

एजेंसी ▶▶ कुपवाड़ा

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा पुलिस थाने पर हमले में संलिप्तता के आरोप में सेना के तीन लेफ्टिनेंट कर्नल और 13 अन्य के खिलाफ हत्या और डकैती की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में यह बात सामने आई है। यह घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को हुई, जब कथित तौर पर मादक पदार्थ मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा प्रादेशिक सेना के एक जवान से पूछताछ की गई। घटना के एक वीडियो में 160 प्रादेशिक सेना के सशस्त्र और वर्दीधारी जवानों के एक समूह को पुलिस थाने पर धावा बोलते देखा गया।

### आर्मी के जवानों पर क्या आरोप?

एफआईआर में कहा गया है कि तीन अधिकारियों के नेतृत्व में 160 प्रादेशिक सेना के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी कर्मियों ने अनधिकृत रूप से पुलिस स्टेशन में प्रवेश किया। जवानों ने बिना किसी उकसावे के पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल की बटों, लात-घूंसों और डंडों से गंभीर हमला किया। इस सूचना की जानकारी तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई, जो उन्हें बचाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे।



### पुलिस ने इन धाराओं पर दर्ज किया मामला

इस मामले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है, जिसमें धारा 307 (हत्या का प्रयास), 186 (लोक सेवकों के काम में बाधा डालना), 332 (किसी लोक सेवक को उनके कार्य के दौरान जान-बूझकर चोट पहुंचाना) और 365 (अपहरण) शामिल है।

### एसएचओ सहित कई पुलिसकर्मी घायल

पुलिस इकाइयों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आने को देखते ही लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल के नेतृत्व में 160 प्रादेशिक सेना के कथित कर्मियों और अधिकारियों ने अपने हथियार लहराए और घायल कर्मियों और एसएचओ पीएस कुपवाड़ा इंस्पेक्टर मोहम्मद इशाक के मोबाइल फोन छीन लिए। सैनिकों पर हेड कांस्टेबल का अपहरण करने का भी आरोप है। एफआईआर में कहा गया है कि भागते समय उन्होंने (सेना के लोगों ने) एमएचसी गुलाम रसूल का अपहरण कर लिया और मौके से फरार हो गए।

## चिंतन

# भारत के सामने हद में ही रहे पाक फौज

पाक परमाणु राष्ट्र है, इसके बावजूद पाकिस्तान को अपनी सैन्य शक्ति को लेकर किसी प्रकार का अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। पाक फौज का चरित्र कभी राष्ट्र रक्षा के लिए रहा ही नहीं है, पाक का फौज ने अपनी पूरी सैन्य ताकत का उपयोग केवल और केवल भारत से एकतरफा दुश्मनी निभाने में किया है, पाक फौज की प्राथमिकता कभी भी पाकिस्तान की रक्षा-सुरक्षा रही ही नहीं है। वह या तो पाक लोकतंत्र की गला घोंटने में लिप्त रही है या आतंकवाद को पालने-पोसने में। दुनिया में कोई फौज किस तरह अपने ही मुल्क का दुश्मन हो सकती है, इसका सबसे बढ़िया उदाहरण पाकिस्तान है। विदेश नीति से लेकर घरेलू सत्ता तक में पाकिस्तान की फौज बेजा दखल देती रही है। पाक फौज के सत्ता पर काबिज होने के अनेक उदाहरण हैं तो सरकारी संसाधन व ट्रेड में शामिल होने के साथ विदेश व रक्षा नीति पर एकाधिकार के भी। हार व सरेंडर वाली पाकिस्तानी फौज को भारत की सैन्य शक्ति के बारे में भी 'अच्छे से' पता है। भारत के साथ चार युद्धों में पाकिस्तान को अपनी सैन्य हार को कभी नहीं भूलना चाहिए। एक अच्छे राष्ट्र की पहचान इस बात से होती है कि वह अपनी गलतियों से सीखता है, उसे दोहराता नहीं है। हालांकि पाक फौज गलतियां दोहराने के लिए कुख्यात है। अपनी परमाणु क्षमता को लेकर पाकिस्तान का दंभ केवल पाकिस्तानी आवाम की खुशफहमी के लिए ठीक है, पर यह भारत के लिए गीदड़भभकी से ज्यादा कुछ नहीं है। क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, तो पाकिस्तान को अपनी परमाणु बम क्षमता का राग नहीं अलापना चाहिए। समूची दुनिया को पता है कि उसने किस तरह परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल की है। भारत उससे पहले से परमाणु शक्ति संपन्न रहा है व इसके साथ ही वह जिम्मेदार परमाणु शक्ति भी है। भारत की नीति नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की रही है, भारत ने अनेक बार दोहराया है कि वह किसी भी स्थिति में पहले परमाणु अस्त्र का प्रयोग नहीं करेगा। हालांकि अभी एनएफयू की समीक्षा को लेकर भारत में मांग उठ रही है, पर सरकार ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत अभी भी एनएफयू पर कायम है। विश्व हिरोशिमा व नागासाकी का हश्र देख चुका है। पाकिस्तान के साथ जंग में भारत ने एक बार भी परमाणु बम के प्रयोग के बारे में सोचा तक नहीं। पाकिस्तान को अपने एटम बम के प्रयोग को लेकर अपनी नीति स्पष्ट करने का हक है, लेकिन यह भारत को धमकाने के अर्थ में कतई नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान की अगर नो फर्स्ट यूज नीति नहीं है, तो इसका भारत पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा। भारत न केवल परमाणु बम शक्ति से लैस है, बल्कि इससे अधिक पावरफुल बम शक्ति से भी लैस है, भारत परमाणु पनडुब्बी भी संचालित कर रहा है। भारत ने आज तक पहले किसी भी मुल्क पर हमला नहीं किया है, बल्कि उसने पाक व चीन के हमले का डटकर सामना किया है। आज अगर पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पाकिस्तान की फौज को आईना दिखा रहे हैं कि उसने अतीत में भारत के खिलाफ समझौते का उल्लंघन किया है, तो पाक फौज को कम से कम अपने अतीत के कुकृत्यों का अवलोकन जरूर करना चाहिए। कारगिल जंग तो पूर्व पाक जनरल व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ की सनक ही थी। पाक सेना भूल से भी भारत को अपनी सामरिक ताकत की धौंस न दिखाए। पहले पाक बनने से लेकर अब तक की अपनी गलतियों का आत्म-अवलोकन करे और एक कुशल सैन्य तंत्र बनकर दिखाए, जो अपने राष्ट्र की सत्ता में दखल न देती हो।

## सारा संसार



लवासा वरसगांव झील के तट पर मौजूद है, जिसकी वजह से लवासा में एक नहीं बल्कि कई वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज आपको देखने के लिए मिल जाएंगी। इस जगह का आनंद लेने के लिए यहां मुंबई के लोगों के साथ-साथ अलग-अलग राज्यों से भी यहां लाखों टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस

डॉ. रमेश ठाकुर



# टीनएजर्स में तंबाकू की लत चिंता का विषय

31 मई को 'वर्ल्ड नो टोबैको डे' मनाया जाता है। वर्ष 1988 से ये दिवस अमल में आया। उससे एक वर्ष पूर्व 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और जनमानस को इसके नुकसान के बारे में जागरूक करने का निर्णय लिया था। पिछले साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम थी, 'हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं, जबकि 2024 की थीम 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' पर निर्धारित है। दरअसल, ये सब्जेक्ट उन नीतियों और उपायों की वकालत करने पर केंद्रित हैं जो तंबाकू उद्योग को हानिकारक तंबाकू उत्पादों के साथ युवाओं को लक्षित करने से रोकते हैं। लगातार दो वर्ष की थीम युवाओं पर केंद्रित रखने का संदेश यही है कि तंबाकू की लत से युवाओं को किसी भी सूरत में बचाया जाए और इसके दुष्परिणामों के बावत उन्हें जागरूक किया जाए। खैनी, तंबाकू या गुटखा खाने से सेहत को कितना नुकसान पहुंचता है। ये सब जानने के बावजूद भी लोग तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं औरबीमारियों को न्योता देते हैं। दिल्ली स्थिति 'एम्स' अस्पताल की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो सालों में उन्होंने मुंह के कैंसर के सबसे केस रिपोर्ट किए, जिनमें युवओं की उम्र महस 18 से 25 वर्ष क बीच रही। निश्चित रूप से ये आंकड़े रोंगटे खड़े करते हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चों में तंबाकू खाने की बढ़ती लत ने अभिभावकों को खासा परेशान किया हुआ है। मादक पदार्थों की स्कूलों में ब्रिकी की खबरें अब आम हो गई हैं। देश तंबाकू पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाते? इस थ्योरी को समझने की जरूरत है। दरअसल, ये ऐसा कमाई का क्षेत्र है जिस पर सरकार जान बूझकर हाथ नहीं डालती? आबकारी विभाग सरकार का कमाऊ विभाग माना जाता है। यहां से दूसरी जगहों से कहीं ज्यादा रेवेन्यू प्राप्त होता है। तंबाकू पर जब छोटा सा मुल्क भूटान शिकंजा कस सकता है, तो अन्य देश क्यों नहीं? भूटान विश्व का पहला देश है जहां, तंबाकू की न खेती की इजाजत है और न ही तंबाकू के इस्तेमाल की? वर्ष 2004 में, भूटान तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और सभी निजी स्थानों पर धूम्रपान पर बैन करने को लेकर अव्वल दर्जा प्राप्त कर चुका है। भूटान जून 2010 में तंबाकू पर रोक लगाकर दुनिया के सबसे सख्त तंबाकू विरोधी कानूनों में से एक को लागू कर चुका है, इसलिए वहां तंबाकू से मौतें नहीं होती। दुनिया के 80 लाख लोग हर साल तंबाकू के खाने से मरते हैं। वहीं, भारतीय चिकित्सा रिपोर्ट के मुताबिक तंबाकू से 4 लाख से अधिक लोगों की मौत भारत में होती हैं। खैनी भारत में मृत्यु और बीमारी के प्रमुख कारणों में से एक है। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित वार्षिक कार्यक्रम तंबाकू के दुष्परिणामों पर मंथन करते हैं और संभावित जन-हानियों पर प्रकाश भी डालते हैं। इनके परिणाम उतने नहीं निकलते, जितने की उम्मीदें रहती हैं। आज का खास दिन निश्चित रूप से तंबाकू नियंत्रण क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों को और संबल देता है। तंबाकू से बीमारियों के बढ़ते केसों को देखते हुए बच्चों और किशोरों में तंबाकू के सेवन की शुरुआत को कम करने के लिए तंबाकू और निकोटीन उत्पाद की कीमतें बढ़ाई जानी चाहिए। सभी तंबाकू और निकोटीन उत्पादों में मेन्थॉल सहित सभी स्वाद सामग्री को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, क्योंकि बिना सरकारी सख्ती से बात नहीं बनने वाली?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जयंती

सीताराम व्यास

भारत में 31 मई 2024 से लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती समारोह प्रारम्भ होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरकार्यवाह दत्ताजी ने भी सम्पूर्ण देश में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती मनाने का आह्वान किया है। देवी का जीवन भारत की नारी सशक्तीकरण में प्रेरणादायी रहेगा। देवी आहिल्या बाई का व्यक्तित्व बहुआयामी था। देवी में प्रशासकीय योग्यता, वीरता, युद्ध कौशल, कूटनीतिज्ञता, न्याय परायणता, दानशीलता आदि गुण में थे। अहिल्या बाई को पूर्णावतार कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं होगी। अहिल्या को सीमाओं में बांधकर नहीं रखा जा सकता। वे सम्पूर्ण भारत की स्त्री जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# स्त्रीशक्ति की प्रेरणास्रोत अहिल्या बाई

मातृशक्ति ने भारत के गौरवशाली इतिहास में प्रेरणादायी भूमिका का निर्वाह किया है। नारी शक्ति ने देश के संकटकाल मे अपनी सामर्थ्य से अभूतपूर्व योगदान दिया है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में नारी शक्ति के गुणों की सर्वत्र प्रशंसा की गई है। भारत की नारियां अपनी प्रतिभा, शूरवीरता, धर्मनिष्ठा, न्यायप्रियता से समाज जीवन को युगों तक प्रभावित करती रहीं हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए वाजपेयी सरकार के कालखंड में महिलाओं की समाज में सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्या बाई, शिवाजी की माता जीजा बाई, रानी लक्ष्मीबाई, तमिलनाडु की देवी कण्णगी, नगालैंड की रानी गाईडिल्यु के नाम पर स्त्री शक्ति पुरस्कारों की स्थापना की गई थी। वर्तमान सरकार ने भी नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस पर सेना के शौर्य- प्रदर्शन का नेतृत्व महिलाओं के द्वारा करवाया गया।

वर्तमान परिदृश्य में लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती वर्ष मनाना प्रासंगिक है। सामान्य परिवार की बालिका जिसका जन्म औरंगाबाद के बीड तालुका के छोटे से गांव चौडी में 31 मई 1725 को हुआ। आज भी मालवा प्रदेश में अहिल्या बाई लोकमाता एवं आदर्श रानी के नाम से जानी जाती हैं। देवी अहिल्याबाई छोटे से राज्य की महारानी होते हुए भी अखिल भारतीय दृष्टिकोण रखती थी। देवी की लोक यात्रा संघर्षों एवं दुःखों से भरी हुई थी, फिर भी वे इंदौर राज्य की शासन-व्यवस्था का कुशलता से संचालन करती रही। देवी का बाल्यकाल धर्मनिष्ठ माता-पिता की गोद में व्यतीत हुआ। माता-पिता ने अहिल्या की शिक्षा-दीक्षा का यथोचित प्रबन्ध भी किया। अहिल्या के माता-पिता ने रामायण, महाभारत की कहानियां सुनाकर धार्मिक नैतिकता का व्यावहारिक ज्ञान दिया। बालिका अहिल्या का विवाह सन 1733 में मालवा के सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ। देवी का दाम्पत्य जीवन सुखपूर्वक व्यतीत नहीं हुआ। खंडेराव बुरी आदतों में फंसा रहता था। उधर सूबेदार मल्हारराव पेशवा के साथ युद्ध-अभियानों में व्यस्त रहते थे। उनकी अनुपस्थिति में पुत्रवधू अहिल्याबाई राज्य की प्रशासन व्यवस्था का संचालन करती थी। अकस्मात खंडेराव की कुमेर के युद्ध मैदान में गोली लगने से मृत्यु हो गई। कुछ वर्षों के पश्चात पितातुल्य ससुर एवं इकलोते पुत्र का भी देहांत हो गया। देवी संकट को ईश्वरीय विधान मानकर, धैर्यपूर्वक शासन का भार संभाल कर, लोक- कल्याण के कार्य में मनोयोग से जुट गई। सर्व प्रथम देवी अहिल्या बाई ने आंतरिक सुरक्षा को चुस्त बनाने का अनथक प्रयास किया। देवी ने राज्य को चोर डाकुओं से मुक्त करने की सार्वजनिक घोषणा करते हुए कहा कि जो युवक मेरे राज्य में प्रजा की जान-माल की रक्षा करने के लिए चोर-डाकुओं के उत्पात को समाप्त कर देगा, मैं उसके साथ अपनी बेटी मुक्ता बाई की शादी कर दूंगी। अचानक एक युवक खड़ा हुआ। उसका नाम यशवंत राव फणसे था। उस समय के कालखंड में वैवाहिक संबंध जात पात तथा अमीर-गरीब का मापदंड देखकर किया जाता था। देवी द्वारा प्रजा की रक्षा के लिए परंपरागत प्रथा को



तोड़कर, वीरता को आधार मानकर अपनी लाडली बेटी के विवाह की घोषणा करना एक क्रांतिकारी कदम था। देवी ने वचन का पालन करते हुए धूमधाम से बेटी का विवाह यशवंत राव फणसे के साथ किया।

देवी न केवल कुशल प्रशासक अपितु न्याय परायण भी थी। देवी ने प्रजा को न्याय शीघ्र उपलब्ध करवाने की सस्ती और सुलभ व्यवस्था की। उनके द्वारा स्थान-स्थान पर न्यायालय की स्थापना एवं योग्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। न्यायालय के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति देवी के दरबार में अपील कर सकता था। उनकी न्याय परायणता का श्रेष्ठ उदाहरण ऐतिहासिक दस्तावेजों से प्राप्त होता है। देवी के ससुर सूबेदार मल्हारराव होलकर ने एक व्यक्ति से दो घोड़े खरीदने के लिए धनराशि उधार ली थी पर राजा ने राशि वापस नहीं दी। ऋणदाता राणोजी थिटे दरबार में मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित हुआ। देवी ने दस्तावेजों की जांच करा कर ब्याज सहित मूल राशि चुकाने का तुरंत आदेश जारी कर दिया। महारानी अहिल्या की अर्थनीति का उद्देश्य प्रजा को आर्थिक सम्पन्न बनाना था। प्रजा पर कम कर लगाना ताकि कर चुकाने में कष्ट न हो। कृषि और किसानों की उन्नति के लिए विशेष प्रयास एवं अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि की स्थिति में वह किसानों का लगान माफ कर देती थीं। राज्य में व्यापार उद्योगों का बढ़ावा दिया गया। व्यापारी निर्भय होकर माल का आयात निर्यात कर सके, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त किया। देवी के राज्य मे भ्रष्टाचार नाममात्र का भी नहीं था। देवी अहिल्या बाई सैन्य संचालन में भी सुविग्य थी। उन्होंने सेना को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित तथा, युद्ध विद्या में प्रशिक्षित कर रखा था। मल्हारराव होलकर की मृत्यु के बाद राघोबा पेशवा इन्दौर राज्य को हड़पना चाहता था। वह सेना लेकर क्षिप्रा के तट पर आ डटा। महारानी अहिल्या बाई भी अपनी महिला सेना को लेकर युद्ध के मैदान में उसके सामने आ खड़ी हुई। राघोवा पेशवा को सन्देश भिजवाया कि 'आप मुझे अबला नारी समझकर मेरा राज्य हड़पने के इरादे से आए हो पर आपकी मंशा पूरी नहीं होगी। यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तो मेरी हंसी कोई नहीं उड़ाएगा, न ही कोई आपके द्वारा प्राप्त विजय की प्रशंसा करेगा। यदि आप युद्ध में हार गए तो मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। एक अबला पर आक्रमण करने से आपको कलंक लगेगा।' यह सोचकर युद्ध में उतरें। इस पत्र ने राघोबा के जोश को ठंडा कर दिया। देवी युद्धप्रिय नहीं थी, पर युद्ध आवश्यक हुआ तो वह पीछे नहीं हटने वाली थी। अहिल्या बाई का समर्पण भाव उच्च कोटि का था। वह राज्य का अधिष्ठाता भगवान शिव को मानकर स्वयं प्रतिनिधि बनकर शासन करती थी। राज्यादेश भी भगवान शिव के नाम से जारी किए जाते थे। वह धर्मार्थ कार्य का व्यय व्यक्तिगत सम्पति से करती थी। देवी अहिल्या भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान की प्रथम द्रष्टा महिला थी।

भारत में 31 मई 2024 से लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती समारोह प्रारम्भ होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरकार्यवाह दत्ताजी ने भी सम्पूर्ण देश में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती मनाने का आह्वान किया है। देवी का जीवन भारत की नारी सशक्तीकरण में प्रेरणादायी रहेगा। देवी आहिल्या बाई का व्यक्तित्व बहुआयामी था। देवी में प्रशासकीय योग्यता, वीरता, युद्ध कौशल, कूटनीतिज्ञता, न्याय परायणता, दानशीलता आदि विभिन्न गुण प्रचुर मात्रा में थे। देवी अहिल्या बाई को आधुनिक भारत की पूर्णावतार कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं होगी। अपने जीवन काल में ही लोकमाता के रूप में लोक मानस में पूजनीय बन गई थी। वह स्त्रीशक्ति के सामर्थ्य की प्रतिमूर्ति है। देवी अहिल्या को किसी प्रान्त, राज्य तथा क्षेत्र की सीमाओं में बांधकर नहीं रखा जा सकता। वे सम्पूर्ण भारत की स्त्री जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका जीवन मानवजाति के लिये अमूल्य धरोहर है।

(लेखक सेवानिवृत्त एसोशिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है

देश के बहुत से राज्य आग बरसाने वाली गर्मी से परेशान हैं। कुछ राज्यों में तापमान 50 डिग्री के पार हो गया और कहीं कहीं इसके करीब पहुंच गया है। समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई भी आजकल गर्मी की चपेट में है, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने। आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी मुंबई वासियों के लिए आफत बन रही है? कुदरत हमें समझा रही है कि कुदरत के विरुद्ध जाकर इनसान जो काम किए जा रहा है, उसका यह गर्मी तो ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है। सवाल यह है कि अभी इतनी गर्मी है तो भविष्य में क्या होगा? भावी पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा? अगर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही तो यह प्राणी जाति के अस्तित्व के लिए भी हानिकारक सिद्ध होगा। इस समस्या के समाधान के लिए पूरे विश्व को एकजुट होना होगा।

*- मोहन यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# रैनसमवेयर नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

यूरोपीय संघ (ईयू) की न्याय एजेंसी के समन्वय में पुलिस ने वृहद पैमाने पर कार्रवाई करते हुए ईमेल के जरिये रैनसमवेयर का प्रसार करने वाले कंप्यूटर नेटवर्क को बाधित करते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। रैनसमवेयर एक प्रकार का वायरस है, जो कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें छेड़छाड़ करने मुमकिन हो जाता है। एजेंसी ने इस तरह के आकर्षक स्वरूप वाले साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान करार दिया है। यूरोपीय संघ की न्यायिक सहयोग एजेंसी 'यूरोजस्ट' ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने 'उच्च श्रेणी' वाले चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 100 से ज्यादा सर्वर को बंद कर दिया और दो हजार से ज्यादा इंटरनेट डोमेन को जब्त किया है। । 'यूरोजस्ट' ने बताया कि जिन देशों में इस सप्ताह यह कार्रवाई की गयी उनमें जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, डेनमार्क, यूक्रेन, अमेरिका और ब्रिटेन शामिल हैं। यूरोजस्ट ने बताया कि 2021 में इमोटेट नामक बॉटनेट के खिलाफ की गई वृहद कार्रवाई के बाद यह अभियान चलाया गया। बॉटनेट एक प्रकार का नेटवर्क है जिसके जरिये गड़बड़ी कर कंप्यूटर को 'हाइजैक' कर लिया जाता है।



## ऑफ बीट

# नॉट्रोपिक्स क्या हैं क्या वे आपको स्मार्ट बनाते हैं?

इनसान लंबे समय से एक ऐसे 'जादुई अमृत' की खोज कर रहा है, जो उसे अधिक स्मार्ट बना दे और उसके फोकस और याददाश्त में सुधार लाए। इसमें संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने के लिए हजारों साल पहले इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक चीनी दवा भी शामिल है। अब हमारे पास नॉट्रोपिक्स हैं, जिन्हें स्मार्ट ड्रग्स, मस्तिष्क बूस्टर या संज्ञानात्मक क्षमता बढ़ाने वाले के रूप में भी जाना जाता है। आप इन गम्मी, च्युइंग गम, गोलियों और त्वचा पैच को ऑनलाइन या सुपरमार्केट, फार्मेसियों या पेट्रोल स्टेशनों से खरीद सकते हैं। आपको किसी नुस्खे या किसी स्वास्थ्य पेशेवर से परामर्श की आवश्यकता नहीं है। लेकिन क्या नॉट्रोपिक्स वास्तव में आपके मस्तिष्क को बढ़ावा देता है? यहाँ विज्ञान क्या कहता है। नॉट्रोपिक्स क्या हैं और वे कैसे काम करते हैं? रोमानियाई मनोवैज्ञानिक और रसायनज्ञ कॉर्नेलियस ई. गिउर्जिया ने 1970 के दशक की शुरुआत में ऐसे यौगिकों का वर्णन करने के लिए नॉट्रोपिक्स शब्द गढ़ा था जो स्मृति और सीखने को बढ़ावा दे सकते हैं। यह शब्द ग्रीक शब्द नोस (सोच) और ट्रोपिन (गाइड) से आया है। नॉट्रोपिक्स मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संकेतों के संचरण में सुधार, तंत्रिका कोशिकाओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने और ऊर्जा उत्पादन में मदद करके काम कर सकता है।



## ट्रेंड

### विशेष समिति गठित करेंगे



पिछले साल अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से नवीन बाबू का हर शुभचिंतक चिंतित है। क्या इसके पीछे कोई लॉबी है? ओडिशा में हमारी सरकार बनने के बाद इस मामले की जांच करने और पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बाल दासता के खिलाफ लड़ाई



करुणा कोई कोमल भावना नहीं है, बल्कि इसमें स्वतंत्रता, समानता, समावेश और न्याय प्राप्त करने के लिए सामाजिक परिवर्तन की जबरदस्त शक्ति है। यह बाल दासता के खिलाफ मेरी लड़ाई में प्रेरक शक्ति रही है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### बहुत कुछ सीखने को मिला



लम्बा चुनाव प्रचार समाप्त हो रहा है। इस प्रचार के दौरान देश के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां के कण कण में मुहब्बत है, ज्ञान है, बोध है। इस देश की समझ दिल्ली में बैठ कर सोशल मीडिया या टेलीविज़न से नहीं हासिल हो सकती।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

### नौकरी देना है लक्ष्य



जिस तरह अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी उसी तरह तेजस्वी का लक्ष्य युवाओं को नौकरी-रोजगार देना है, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाना है। ये लोग हमारा ध्यान भटकाने का प्रयास करते है, धमकी देते है, पर हम अपने लक्ष्य पर अड़िग है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



*बिहार में सासाराम ऐसी लोकसभा सीट है जहां आजादी के बाद से अब तक हुए 17 चुनावों में 9 बार बाप-बेटी (जगजीवन राम, मीरा कुमार) ही जीत कर लोकसभा पहुंचे। खास बात यह भी है कि इस सीट पर तीन ही परिवारों का कब्जा रहा है। ये परिवार बाबू जगजीवन राम, मुनिलाल राम और छेदी पासवान के हैं। यहां अब तक कुल पांच ही लोग सांसद बने हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में छठा व्यक्ति जीत कर संसद जाएगा।*

# जगजीवनराम के सासाराम को मिलेगा इस बार नया सांसद

## एनडीए और इंडिया गठबंधन ने उतारे हैं नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सासाराम सीट पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम के नाम से जानी जाती है। जगजीवन राम को लोग सम्मान के साथ बाबूजी कहकर पुकारते थे क्योंकि भारत की आजादी और दलित कल्याण के मामले में उनकी अहम भूमिका रही थी। बीजेपी और कांग्रेस ने इस बार अपने पुराने उम्मीदवारों को बदल दिया है और नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा भी यहां कुछ वोट हासिल कर सकती है।

### नेशनल रिकार्ड

बाबू जगजीवन राम ने सासाराम की सीट से 1952 से लगातार 1984 तक जीत दर्ज करके नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार भी 2004 और 2009 में यहां से लोकसभा का चुनाव जीत कर संसद में पहुंची थीं लेकिन 2014 और 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2019 में तो उनकी हार का अंतर 1.65 लाख वोटों का रहा था। मीरा कुमार तो अब चुनावी मैदान में नहीं हैं, लेकिन उनके बेटे अंशुल अभिजीत पटना साहिब से कांग्रेस के टिकट पर भाजपा के रवि शंकर प्रसाद के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

इस बार ये लड़ रहे चुनाव

पिछले दो चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के बाद भी बीजेपी ने छेदी पासवान को चुनाव मैदान में नहीं उतारा। बीजेपी ने शिवेश राम को चुनाव मैदान में उतारा है। शिवेश राम के पिता मुनिलाल यहां से तीन बार बीजेपी के टिकट पर सांसद रह चुके हैं इसलिए उन्हें राजनीति विरासत में मिली है। शिवेश राम बीजेपी संगठन में जमीन से आगे बढ़ते हुए विधायक और प्रदेश महामंत्री के पद तक पहुंचे हैं। शिवेश राम सुरक्षित सीट अहिगांव से विधायक रह चुके हैं। इधर, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के उम्मीदवार मनोज कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। यह दोनों ही उम्मीदवार रविदास समाज से आते हैं। मनोज कुमार 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़े थे और उन्होंने 86 हजार वोट हासिल किए थे। शिवेश राम और मनोज कुमार दोनों ही पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने यहां से संतोष कुमार को टिकट दिया है। इधर, टिकट कटने के बाद से छेदी पासवान यहां भाजपा के चुनाव प्रचार में सक्रिय नहीं दिखाई दिए हैं इसलिए बीजेपी को इसका नुकसान हो सकता है।



मनोज कुमार शिवेश राम

### मीरा को हराने वाले छेदी का टिकट कटा

पिछले दो चुनाव में मीरा कुमार को भाजपा के उम्मीदवार छेदी पासवान ने हराया था। छेदी पासवान यहां से 1989 और 1991 में भी चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी इस बार भी सासाराम में जीत दर्ज कर चुनाव में हैट्रिक बनाना चाहती है जबकि महागठबंधन की कोशिश बीजेपी का विजय रथ रोकने की है।

### विधानसभा की 6 में से 5 सीटें इंडिया गठबंधन के पास

सासाराम लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें आती हैं। इनके नाम- मोहनिया, भभुआ, चैनपुर, चेनारी, सासाराम और करगहर हैं। इनमें से 2020 में हुए बिहार के विधानसभा चुनाव में आरजेडी को तीन सीटों पर, कांग्रेस को दो सीटों पर और बसपा को एक स.ीट पर जीत मिली थी।

#### 1952 से 2019 के बीच केवल 5 लोग रहे सांसद

| साल | जीते उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| 1952 और 1957 | राम सुभाग सिंह, जगजीवन राम |
| 1962 से 1984 | जगजीवन राम |
| 1989 और 1991 | छेदी पासवान |
| 1996 से 1999 | मुनिलाल |
| 2004 और 2009 | मीरा कुमार |
| 2014 और 2019 | छेदी पासवान |

## सोशल मीडिया

### 4 जून को बन रही हमारी सरकार : लालू प्रसाद यादव



लोकसभा चुनाव के रिजल्ट से पहले ही राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने दावा करते हुए कहा कि 4 जून को हमारी (इंडिया गठबंधन) सरकार बनेगी। पीएम मोदी के दावे पर लालू ने कहा कि मोदीजी अब गए। लालू ने कहा कि पीएम मोदी खुद को अवतार बताते हैं और कहते हैं कि हम अवतार हैं। लेकिन, 4 जून को वह जा रहे हैं और हमारी सरकार बन रही है। गौरतलब है, एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने खुद के बायोलॉजिकल न होने की बात कही थी।

### लालू यादव राजनीति के हास्य कवि : गिरिराज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन जन के नेता हैं और लोग उन्हें विकास पुरुष के रूप में देखते हैं। उन्हें किसी सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है। लालू यादव तो स्वयं राजनीति के हास्य कवि हैं और आज वह प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करके नुक्कड़ सभा करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जो कर रहे हैं वह भारत की जनता देख रही है और आगे लालू यादव को यह पता भी चल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी ने ही यादव समाज के लोगों की भी चिंता की है।

## मंदिर में पूजा-अर्चना



शिमला। हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान, शिमला के जाखू मंदिर में गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी बेटी मीरा वाड्रा के साथ पूजा-अर्चना की।

## योगी ने मांगा वोट



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश में गुरुवार चुनाव प्रचार करते हुए। गौरतलब है, इस सीट से केंद्रीय मंत्री ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं।

## ममता का रोड शो



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, कोलकाता में गुरुवार को रोड शो करते हुए। गौरतलब है, गुरुवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार थम गया है।

बिहार की काराकाट सीट का रोचक रहा है इतिहास

# यहां छह के छह विधायक इंडिया के पर सांसद शुरू से रहा एनडीए का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार की काराकाट सीट से भोजपुरी स्टार पवन सिंह और उनकी मां प्रतिमा देवी के निर्दलीय नामांकन भरने के साथ ही यहां मुक़ाबला दिलचस्प हो गया है। पवन सिंह की एंट्री ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। साथ ही, उनकी एंट्री से चुनाव में जनता के मुद्दे गौण हो गए हैं और स्टारडम हावी हो गया है। काराकाट में शुरू से एनडीए का ही सांसद रहा है। हालांकि, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में एक भी विधायक एनडीए का नहीं जीता। 2008 में परिसीमन के बाद काराकाट लोकसभा बनी। इस सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा सीटें हैं। काराकाट लोकसभा क्षेत्र दो जिलों में फैला है। रोहतास और औरंगाबाद। रोहतास जिले में डेहरी, नोखा और काराकाट विधानसभा क्षेत्र आते हैं। औरंगाबाद में गोह, ओबरा और नबीनगर। हालांकि, पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने काराकाट का चुनावी मैदान छोड़ दिया है। नाम वापसी के आखिरी दिन प्रतिमा देवी ने अपना नाम वापस ले लिया था। जिसके बाद अब काराकाट लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा, वहीं इंडिया गठबंधन से राजाराम कुशवाहा हैं मैदान में

भाजपा का खेल बिगाड़ने उतरे हैं पवन

काराकाट सीट से एनडीए के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं तो वहीं इंडिया गठबंधन से राजाराम कुशवाहा मैदान में हैं। यह क्षेत्र कुशवाहा बहुल है, इसलिए दोनों प्रमुख गठबंधन के उम्मीदवार इसी समुदाय के हैं। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने वाले पवन सिंह राजपूत हैं। कुशवाहा बहुल क्षेत्र होने की वजह से यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों का पलड़ा भारी है क्योंकि दोनों ही उम्मीदवार कुशवाहा हैं। पवन सिंह एनडीए का खेल बिगाड़ने के लिए उतरे हैं, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। काराकाट लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक के साथ-साथ भाषाई आधार पर भी बंटा है। रोहतास जिले में भोजपुरी बोली जाती है और औरंगाबाद में मगही। इस बंटवारे से पवन सिंह की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं।

### भोजपुरी स्टार पवन सिंह के लड़ने से दिलचस्प हुआ मुकाबला



उपेंद्र राजाराम पवन

### पहली बार 2000 में जन्दाहा से विधायक बने थे उपेंद्र कुशवाहा

2000 में पहली बार जन्दाहा से विधायक बनने वाले उपेंद्र कुशवाहा लोकसभा, राज्य सभा, विधान परिषद और विधान सभा के सदस्य रह चुके हैं। वह केंद्रीय मंत्री, विधानसभा में विरोधी दल के नेता और सत्ता पक्ष के उपनेता भी रह चुके हैं। हालांकि, वह लगातार पाला बदलते रहते हैं। उपेंद्र नीतीश और बीजेपी से दोस्ती और टकराव की वजह से भी चर्चा में रहे हैं। उन्होंने अपनी लोक समता पार्टी का जेडीयू में विलय किया, बाद में फिर पार्टी बनाई और फिर उसका विलय किया। वह कई बार इस्तीफा देने की वजह से भी जाने जाते हैं।

### क्या हैं काराकाट के मुद्दे?

काराकाट में लवकुश, अगड़ा-पिछड़ा, सनातनी-गैर सनातनी जैसे मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ा जा रहा है। नवीनगर के पूर्वी इलाके में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाना, सोन नदी पर पुलों की संख्या को बढ़ाना काराकाट के बड़े चुनावी मुद्दे हैं। इस बार एनडीए से उपेंद्र कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं तो वहीं इंडिया गठबंधन ने राजाराम कुशवाहा को उतारा है। वहीं, पवन सिंह के यहां से उतरने से मुक़ाबला त्रिकोणीय हो गया है। पवन राजपूत जाति से हैं।

### महाबली कुशवाहा थे काराकाट के पहले एमपी

काराकाट में 2009 के चुनाव को जीतकर जेडीयू के महाबली कुशवाहा यहां से पहले एमपी बने थे। इसके बाद उपेंद्र कुशवाहा ने 2014 में और महाबली कुशवाहा ने 2019 में यहां से जीत हासिल की। परिसीमन के बाद भाजपा ने अब तक काराकाट में अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। बीजेपी, कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी इस बार सभी यहां सहयोगी दल के साथ हैं।

### काराकाट से कौन कौन रहे सांसद?

पिछले चुनाव में यहां से जेडीयू के महाबली सिंह ने जीत हासिल की थी। वहीं, 2014 का चुनाव उपेंद्र कुशवाहा ने जीता था। उपेंद्र ने जहां 2014 का चुनाव जीता था, वहीं 2019 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उपेंद्र कुशवाहा ने 2009 का लोकसभा चुनाव भी काराकाट से लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। उपेंद्र यहां से तीनों चुनाव में मैदान में थे।

### 2015 विधानसभा चुनाव के परिणाम

विधानसभा चुनाव 2015 में काराकाट से आरजेडी के संजय कुमार सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्होंने बीजेपी के राजेश्वर राज को हराया था। वहीं, डेहरी से आरजेडी के मोहम्मद इलियास ने बीएलएसपी के जितेंद्र कुमार को हराया था। नोखा विधानसभा सीट से 2015 के चुनाव में आरजेडी की अनिता देवी ने जीत हासिल की थी। गोह विधानसभा सीट से बीजेपी के मनोज कुमार ने जेडीयू के दो रणविजय कुमार को हराया था। नबीनगर से 2015 मे जेडीयू के वीरेंद्र कुमार सिंह ने जीत हासिल की थी। वहीं, ओबरा विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी के बीरेंद्र कुमार सिन्हा ने जीत हासिल की थी।

होशियारपुर में गरजे पीएम मोदी

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी किया, 'आप' भी जुड़ी

एजेंसी ▶▶| होशियारपुर

पंजाब में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी होशियारपुर में पहुंचे। रामलीला ग्राउंड में वे इंडी गठबंधन पर खूब बरसे। मोदी ने कहा कि मैं अभी चुप बैठा हूं, जिस दिन मोदी मुंह खोलेगा तुम्हारी सात पीढ़ी का हिसाब निकाल कर बाहर रख देगा। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग मुझे नई-नई गालियां देते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर लिया है। अब आम आदमी पार्टी भी इसमें जुड़ गई है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने में 70 साल लगे लेकिन आप वाले तो जन्म से ही भ्रष्टाचारी पैदा



हुए हैं। चुनाव में इन्होंने नशे को लेकर भाषण दे देकर पंजाब को बदनाम कर दिया और सरकार बनते ही नशे को ही अपनी कमाई का साथी बना लिया। पंजाब में खेती और उद्योग को बर्बाद कर दिया। नारी उत्पीड़न में भी यह सबसे आगे हैं।

### वोट बैंक की राजनीति ने देश का नुकसान किया

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति ने देश का बहुत नुकसान किया है। वोट बैंक के प्रति अपने प्यार के कारण देश के बंटवारे के समय करतारपुर साहिब पर अपना अधिकार नहीं जता पाए। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए का विरोध कर रहा है।

मनमोहन सिंह ने मोदी के हेट स्पीच वाले बयान को लेकर भी बोला हमला

# 'पीएम पद की गरिमा कम करने वाले पहले प्रधानमंत्री'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गुरुवार को पंजाब के मतदाताओं को एक लेटर लिखा। तीन पेज के लिखे गए लेटर में मनमोहन सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की है और कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर कुछ बेबाक टिप्पणी की है। नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए, मनमोहन सिंह ने पीएम मोदी पर एक विशेष समुदाय या विपक्षी दल को निशाना बनाकर नफरत भरे भाषण देकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि



पीएम मोदी ने चुनाव के दौरान हेट स्पीच का घिनौना तरीका अपनाया है। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के एक खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घिनौने और असंसदीय शब्द नहीं बोले हैं।

### अग्निवीर योजना पर सवाल

पूर्व प्रधानमंत्री ने सिक्योरिटी फोर्स पर अग्निवीर योजना थोपने के लिए भाजपा की आलोचना की और इसे गलत बताया। उन्होंने भाजपा पर देशभक्ति, बहादुरी और सेवा को सिर्फ़ चार साल तक सीमित करके कमतर आंकने का आरोप लगाया और इसे नकली राष्ट्रवाद बताया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने नियमित भर्ती के लिए ट्रेनिंग ली थी। उनको वर्तमान सरकार ने धोखा दिया।

## इस सूबे में हैं 13 लोकसभा सीटें, यहां होती है दिलचस्प सियासी लड़ाई

# 26 सालों का इतिहास, पंजाब ने ज्यादातर चुना विपक्षी पार्टी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होना है, लेकिन उससे पहले पंजाब में पिछले छह आम चुनावों पर नजर डालने से पता चलता है कि 1998 और 2009 के चुनावों को छोड़कर लगभग सभी चुनावों में राज्य ने उस पार्टी या गठबंधन को प्राथमिकता दी है, जो संसद में विपक्ष में बैठी।*

### लोकसभा चुनाव परिणाम 2019

इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को स्वीकार करना है, जब 2014 में वह अभी अपने पैर जमा ही रही थी, और उसके चार सांसद लोकसभा में चुनकर आए। इस लॉन्च ने पार्टी को आगे बढ़ने में मदद की और अंततः 2022 में विधानसभा चुनावों में 117 में से 92 सीटें जीतकर भारी बहुमत से जीत हासिल की।

### 1998 लोकसभा चुनाव

इस समय राज्य में शिरोमणि अकाली दल (एसएडी)-बीजेपी गठबंधन का शासन था। दोनों दलों ने फरवरी 1996 में गठबंधन किया था और अगले साल राज्य में सरकार बनाई थी, जिसमें सामूहिक रूप से 95 सीटें जीती थीं। 1998 का लोकसभा चुनाव एक अपवाद था, जब पंजाब ने केंद्र में जीतने वाली पार्टी को ही चुना। अकाली दल और भाजपा ने मिलकर राज्य की 13 में से 11 सीटें जीतीं, जिनमें से तीन भाजपा ने जीतीं। इस समय एनडीए गठबंधन की तरफ से अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने थे।

### 1999 लोकसभा चुनाव

एनडीए ने एक बार फिर वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनाई, पिछले चुनाव के बराबर ही सीटें हासिल कीं और इस बार अपना कार्यकाल पूरा किया। लेकिन पंजाब में अकाली दल और भाजपा सामूहिक रूप से 13 में से केवल तीन सीटें ही जीत पाए, जबकि राज्य में अकाली-भाजपा की सरकार थी। कांग्रेस, जो 1998 में राज्य में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी, उसने आठ सीटें जीतीं, जबकि अकाली



दल (अमृतसर) और भाकपा ने एक-एक सीट जीती।

### 2004 लोकसभा चुनाव

इंडिया शाइनिंग अभियान के बावजूद एनडीए सत्ता से बाहर हो गई और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार बनी। इस बार भी पंजाब में नतीजे विपरीत रहे, जहां कांग्रेस को केवल दो सीटें मिलीं, जबकि शिअद और भाजपा को क्रमशः आठ और तीन सीटें मिलीं। उस समय राज्य में कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी।

### 2009 लोकसभा चुनाव

इस बार यूपीए ने प्रधानमंत्री पद के लिए मनमोहन सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ा और 206 सीटें जीतकर चुनाव जीता। बीएसपी, जेडी(एस) और आरजेडी ने यूपीए सरकार को बाहरी समर्थन दिया।पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाली अकाली दल सरकार के सत्ता में होने के बावजूद, राज्य ने – दूसरे अपवाद के रूप में कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया, जिसने राज्य में आठ सीटें जीतीं। अकाली दल ने चार सीटें जीतीं, जबकि भाजपा को एक सीट मिली।

### लोकसभा चुनाव 2014

इस लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 282 सीटें जीतकर अपने दम पर बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस ने 44 सीटों के साथ अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। राज्य में 2012 में अकाली दल-भाजपा गठबंधन ने बादल सीनियर के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। हालांकि, पंजाब के चुनाव आप के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए, उसने चार सीटें – संगरूर, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला जीतीं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर से अपना पहला चुनाव जीता कांग्रेस तीन सीटें जीतने में सफल रही, जबकि शिअद और भाजपा ने क्रमशः चार और एक सीट जीती।

### लोकसभा चुनाव 2019

भाजपा 303 सीटें जीतकर सत्ता में आई, लेकिन पंजाब में एनडीए के खिलाफ मतदान हुआ और कांग्रेस को आठ सीटें मिलीं। अकाली दल ने भाजपा के साथ गठबंधन में 10 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से उसे केवल दो सीटें ही मिल सकीं। भाजपा ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से दो पर उसे जीत मिली। आप की सीटों की संख्या में भी गिरावट आई और उसके एकमात्र उम्मीदवार मान ही जीत पाए।

## जैकेट के शेष

### फोर्स की हिट .....

काम करते हुए छग पुलिस पड़ोसी राज्य ओडिशा, आरध्रप्रदेश, तेलगांना व महाराष्ट्र स्टेट की फोर्स के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर करोड़ों के इनामी टॉप मोस्ट नक्सलियों को टारगेट करने लगातार ऑपरेशन चला रही है। वर्तमान में भारत के टॉप मोस्ट माओवादियों की संख्या 31 है, जिनमें पोलित ब्यूरो व सेण्ट्रल कमेटी मेंबर हैं, जिन पर 1-1 करोड़ का इनाम घोषित है। इसके अलावा टॉप टेन सीसी व सीआरबी मेंबर की सूची भी तैयार की गई है़ जिन पर 40-40 लाख का इनाम घोषित है, हालांकि इसके बाद से शीर्ष नेतृत्व की लिस्ट लगातार सिमट रही है।

सरकार के इस निर्णय के बाद बस्तर में जिस तेजी से नक्सलियों का सफाया किया जा रहा है, उसी तेजी से सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है, हालांकि समर्पण करने वाले नक्सलियों में शीर्ष नक्सलियों की संख्या नगण्य है। पिछले कुछ दिनों की बात करें तो अबूझमाड़ स्थित बीजापुर व नारायणपुर जिले की सरहदी इलाके में 8 नक्सली व 9 मई को सुकमा जिले के बेचपोच्चा के जंगल में 1 व बीजापुर जिले के कमकानार के जंगल में 2 कुल 11 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। वहीं बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया में सक्रिय इनामी समेत 33 नक्सलियों ने समर्पण किया है। गौरतलब है कि लगभग वर्ष भर पूर्व पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों की राजधानी रायपुर स्थित पुलिस हेडक्वार्टर में बड़ी बैठक हुई थी। जिसमें आईबी के एडिशनल डायरेक्टर ऋत्विक रुद्रा द्वारा अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक ली गई थी, इस बैठक में छग पुलिस के अलावा गृह मंत्रालय भारत सरकार (सीएपीएफ) समेत पड़ोसी राज्य ओडिशा, आध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व तेलगांना राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अंतर्राज्यीय समन्वय, आसूचनाओं के आदान प्रदान, फोकस एरिया में संयुक्त अभियान, सुरक्षा विहिन क्षेत्रों में रणनीति व माओवादियों के सप्लाई नेटवर्क पर कार्रवाई समेत अन्य विषयों पर समन्तिव कार्ययोजना के सबंध में चर्चा कर टॉप माओवादियों को टॉरगेट करने खाका तैयार किया गया था।

**नक्सल संगठन के टॉप लीडर्स में इनके नाम है शुमार** : देश के अलग अलग राज्यों में नक्सल संगठन की दिशा व दशा तय करने वाले टॉप आधा दर्जन पोलित ब्यूरो, सेण्ट्रल कमेटी मेंबर व महासचिव की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिन पर 1-1 करोड़ का इनाम घोषित है। इनमें नम्बाला केशर राव उर्फ गगन्ना के अलावा मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फविवेक, मिशिर बेसरा उर्फभाष्कर तथा प्रमोद मिश्रा उर्फनेताजी शामिल है, जो देश के अलग अलग राज्यों छग, तेलगांना, आध्रप्रदेश, झारखण्ड व बिहार में सक्रिय है तथा देश में नक्सल संगठन को आगे बढ़ाने काम कर रहे हैं। इसके अलावा इनके नीचे टॉप टेन सीसी व सीआरबी मेंबर की सूची है, जिन पर 40-40 लाख का इनाम घोषित है। इनमें मल्लाराजी रेड्डी उर्फसतन्ना, विवेक चन्द्री यादव उर्फप्रयाग, सत्यनारायण रेड्डी उर्फ कोसा, चिप्परी तिरूपति उर्फ देवजी, पुल्लरी प्रसाद राव, मोडेम बालाकृष्णा, गणेश उईके, गजराला रवि, अनिल दा उर्फ तूफान व संजय उर्फ मंगतू शामिल है। इनके नीचे 16 डीकेएसजेडसीएम व अलग अलग कंपनी के प्रभारी है। इन पर 25-25 लाख का इनाम घोषित है। इनमें के रामचन्द्र रेड्डी, सुजाता उर्फ कल्पना, सुजाता उर्फ अल्लूरी कृष्णाकुमारी, लेंगु उर्फ संजीव, रामदेर उर्फ सोमा, टक्कालापल्ला वासुदेव राव, माड़वी हिड़मा, वेंकटेश, रवि, पावनंदम रेड्डी, कमलेश, गिरधर, चंदू, रघु उर्फ विकास, विनय रेड्डी तथा सुरेन्दर शामिल है, जिन्हें टॉरगेट करने खाखा तैयार किया गया है।

### बस्तर में 8 ....

का इनाम घोषित है। वहीं पिछले तीन वर्ष की बात करें तो इनमें करोड़ों के इनामी पांच सेण्ट्रल कमेटी मेंबर की बीमारी से व एक की एनकाउण्टर में मौत हो चुकी है, वहीं 2 को गिरफ्तार तथा 1 ने आत्म समर्पण किया है। बदलती परिस्थितियों में जहां एक तरफ सुरक्षाबलों की धमक जंगल में अंदरूनी क्षेत्रों में बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर कई छोटे कैडर के लीडर आत्मसर्मण की राह पर चल पड़े हैं। जिसके चलते विगत तीन वर्षों में कई इनामी नक्सलियों का नाम लिस्ट से कम हो गया है। इनमें छग व बस्तर में सक्रिय 8 करोड़ से अधिक के इनामी 123 माओवादी भी शामिल है, जिन पर 25 लाख से 5 लाख तक का इनाम घोषित है। बस्तर में सक्रिय इन माओवादियों के परिवार इस समय दो पाटों में पिस रहे हैं, एक तरफ माओवादी तो दूसरी ओर पुलिस इन पर नजर रखे रहती है।

### मारे गए सीसी मेंबर .....

2021 को तथा हाल ही में कटकम सुन्दर उर्फ विवेक उर्फ भूपति उर्फसोनू की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दो सेंट्रल कमेटी मेंबर प्रशांत बोस व शीला मराण्डी को झारखण्ड पुलिस ने 11 नवम्बर 2021 को गिरफ्तार किया है। वहीं सावित्री उर्फ माड़वी हिड़में हैदराबाद में 6 सितम्बर 2022 को आत्मसमर्पण कर चुकी है।

### रायपुर समेत चार .....

राजधानी सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। राजधानी में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म मुंगेली है। यहां गुरुवार को अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री रहा। आने वाले 24 घंटों के दौरान गर्मी से विशेष राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को लू चलने तथा उष्ण रात्रि की चेतावनी दी गई है। वहीं दूसरी ओर केरल में मानसून का प्रवेश हो गया है। लेकिन इससे प्रदेश को विशेष राहत फिलहाल नहीं मिलेगी। मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। प्रदेश में मानसून प्रवेश 12 से 15 जून के मध्य भिन्न-भिन्न हिस्सों में अलग-अलग तिथियों में होगा।

**इन जिलों के लिए यलो अलर्ट** : रायपुर सहित प्रदेश के मनेन्द्रगढ़ -दिरदमरी-भरतपुर, कोरिय ,सूरजपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ती , राजनांदगांव , खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा एवं कबीरधाम में ग्रीष्म लहर एवं उष्ण रात्रि की चेतावनी जारी की गई है।

**यहां 45 डिग्री से अधिक तापमान** : मुंगेली-46.9, रायपुर-46.8, बिलासपुर-46.4, राजनांदगांव-46 तथा दुर्ग-45.2 डिग्री। शेष जिलों में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक ही है। सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 26.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री ज्यादा है। अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री तक ज्यादा है।

### 2 जून से ....

के बाद ही मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 31 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। रायपुर अथवा उसके सीमावर्ती क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण भाग संभावित है।

### सीएम साय बोले .....

कि - प्रिय छत्तीसगढ़ वासियों। विगत कुछ दिनों से प्रदेश में तापमान में भारी वृद्धि हुई है। झुलसाने वाली गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं। जिसके चलते गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। आप सभी से मेरा आग्रह है कि सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से सावधानी से निकले, धूप में सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह से बांधें, पानी अधिक मात्रा में पियें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पियें, छायादार जगहों पर रहें, लू लगने या तबियत ख़राब होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल जाएं। क्योंकि सावधानी में ही समाधान है। धन्यवाद। जय जोहार, जय छत्तीसगढ़।

### केरल पहुंचा मानसून....

कारण हो सकता है। चक्रवाती तूफान 'रेमल' रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकराया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में दस्तक दे चुका है और आज यानी 30 मई 2024 को पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों की ओर बढ़ गया है।

### इन राज्यों को ....

दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी, उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बनती जा रही हैं। इसके बाद यहां झमाझम बारिश देखने को मिल सकती है।

### सरकारी अस्पताल में ....

आरएचओ वर्षों से गांव में जमे हुए है और अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार करने के बजाए खेती किसानी में उनका ध्यान अधिक है। अस्पताल में जाने वाले मरीजों को दवा दिए बिना ही भेज दिया जाता है। इसके साथ ही आरएचओ द्वारा अपने दोस्तों के साथ रोज रात को अस्पताल के अंदर ही पार्टी की जाती है। वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम के निर्देश पर प्रशासनिक टीम मामले की जांच के लिए पहुंची थी और जांच में अस्पताल के अंदर दारू मुर्गा पार्टी करने की पुष्टि हुई। ऐसे में जांच व ग्रामीणों के बयान के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा गया था। इस मामले में एसडीएम के प्रतिवेदन के आधार पर सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने आरएचओ सुनील मिंज को निलंबित कर दिया गया है।

### रिश्वत लेते पकड़ा ....

असिस्टेंट पासपोर्ट ऑफिसर संकट मोचन राय को 8 हजार रुपए के साथ रंगे हाथों पकड़ा। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम दोलंगी निवासी 29 वर्षीय इसरार हुसैन आ. सिराजुद्दीन द्वारा च्वाइस सेंटर का संचालन किया जाता है और च्वाइस सेंटर के माध्यम से ही पासपोर्ट का ऑनलाइन फॉर्म भरा जाता है। युवक द्वारा अपने साथ ही साथ गांव के समीम अंसारी आ. मोजाहिन अंसारी, तुफैल अहमद आ. मोहम्मद नजीर, असलम अंसारी आ. मुर्तुजा अली एवं नूरानी आ. समीम का हज यात्रा के लिए पासपोर्ट फॉर्म 9 अप्रैल को भरा था। 24 मई को पोस्ट ऑफिस अंबिकापुर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र से अपॉइनमेंट मिलने पर सभी युवक वेरिफिकेशन कराने के लिए पासपोर्ट कार्यालय पहुंचे थे जहां कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक संकट मोचन राय से उन्होंने अपने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान संकट मोचन राय द्वारा दस्तावेजों में त्रुटि बताकर फाइल को रोक दिया गया और सत्यापन करने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की जा रही थी।

### पासपोर्ट कार्यालय ....

आरोपी कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018) के तहत कार्रवाई की है।

### छग के मंत्री ....

लेंगे। कार्यक्रम में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम समेत कई विद्वानों का सेशन भी होगा।

### विकसित छत्तीसगढ़ पर ....

राजेश चांदवानी आईआईएम अहमदाबाद अपनी बात रखेंगे। दोपहर 12 से 12.50 तक अधोसंरना विषय पर प्रो. अजय पांडेय, आईआईएम अहमदाबाद अपनी बात रखेंगे। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोगः खनन क्षेत्र में सुधार विषय पर प्रो.शंकर राय आईएएस धनबाद, संजय लोहिया एडिशनल सचिव खान भारत सरकार अपने विचार व्यक्त करेंगे। दो से तीन बजे तक भोजनावकाश के बाद दोपहर 3 से 3.50 तक लोक वित्त और अर्थशास्त्रः प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के लिए कुशल लोक वित्त प्रबंधन विषय पर प्रो. सिद्दार्थ के रस्तोगी आईआईएम इंदौर अपनी बात रखेंगे। शाम 4 से पांच बजे के बीच टीम प्रबंधन के लिए अनुभवात्मक गतिविधि के संबंध में प्रो, कमल जैन और मनोहर आकोर्ट व्याख्यान देंगे। शाम साढ़े पांच से सवा छह बजे तक आईआईएम परिसर भ्रमण का कार्यक्रम होगा। इसके बाद शाम 7 से रात 9 बजे के बीज रात्रिभोज आईआईएम परिसर अरना में होगा।

### दूसरे दिन 1 जून को .....

एवं संबद्ध क्षेत्र के संबंध में प्रो. रमेश चंद्र सदस्य नीति आयोग अपनी बात रखेंगे। दोपहर 12.30 से 1.10 तक सामाजिक क्षेत्रः शिक्षा पर अनुराग बेहार सीईओ अजीम प्रेमजी फांउडेशन विचार व्यक्त करेंगे। दोपहर 1.10 से 2 बजे तक भोजनावकाश होगा। इसके बाद दोपहर 2 से 2.50 बजे तक लोकसेवा से लोक कल्याणः लोक सेवा में नेतृत्व विषय पर गुरु गौरांग दास का व्याख्यान होगा। दोपहर 3.10 से 4 बजे तक संचार एवं मीडिया प्रबंधन पर प्रो. बृज बख्शी, पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक दूरदर्शन जानकारी देंगे। शाम 4.20 से 5.30 तक जन कल्याण से सर्वोदयः जीवन को आसान बनाने की दिशा में विषय पर डॉ. सहस्त्रबुद्धे अध्यक्ष आईसीसीआर अपनी बात रखेंगे। शाम साढ़े सात से 9 बजे तक हाईटी का आयोजन है।

### बारूद फैक्ट्री विस्फोट ....

पदार्थ के रख रखाव एवं नियमों का उलंघन एवं लापरवाही बरतने के कारण घटना घटित होना पाया है। इसके बाद धारा 286, 337, 304 (ए) एवं धारा 9 बी, 9 सी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध कायम किया है।

# पाकिस्तान के एटम बम बिल्कुल तैयार, 'नो फर्स्ट यूज' नीति नहीं

## पाक सेना ने पहली बार किया ऐलान, भारत को धमकाया

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत में लोकसभा चुनावों के बीच पाकिस्तान के परमाणु बम की ताकत पर पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जमकर चुटकी ली है। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने अब भारत को परमाणु बम की गीदड़भभकी देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के परमाणु बम की देखरेख करने वाली नैशनल कमांड अथॉरिटी के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर) खालिद अहमद किदवई ने कहा है कि पाकस्तिान की परमाणु बम को लेकर कोई 'नो फर्स्ट यूज' की नीति नहीं है।



### पीएम मोदी का इंटरव्यू

पाकिस्तान की ओर से यह बयान तब आया है जब पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान के परमाणु बम की ताकत पर चुटकी ली थी। पीएम मोदी ने इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। जनरल किदवई ने यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान उभरती हुई तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है ताकि देश के परमाणु कार्यक्रम को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि पाकस्तिान की सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों के पास परमाणु बम है। किदवई ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु बमों से 2750 किमी तक भारतीय इलाके को निशाना बनाया जा सकता है।

### 'नो फर्स्ट यूज' नीति नहीं

डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के परमाणु बम विस्फोट के दिन एक सेमिनार को संबोधित करते हुए किदवई ने कहा, 'पाकिस्तान की कोई परमाणु बम को लेकर कोई 'नो फर्स्ट यूज' नीति नहीं है। मैं इसे दोबारा कह रहा हूं ताकि जोर दिया जा सके।' भारत के विपरीत पाकिस्तान ने अब तक यह साफ नहीं किया था कि वह 'नो फर्स्ट यूज' नीति में भरोसा रखता है या नहीं। पाकिस्तान के रणनीतिकारों को भारत के 'नो फर्स्ट यूज' नीति पर भी संदेह है। उनका मानना है कि भारत कह भले रहा है लेकिन परमाणु हमला कर सकता है। भारत ने अपने डॉक्ट्रिन में कहा है कि वह पहले किसी परमाणु हथियार संपन्न देश पर परमाणु हमला नहीं करेगा लेकिन अगर ऐसा हमला होता है तो इसका एटमी हथियारों से करारा जवाब दिया जाएगा।

# 'पीओके हमारा है, हमारा था, हमारा ही रहेगा'

## विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, "पीओके को लेकर हम अपनी स्थिति पर कायम हैं। पूरा जम्मू कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का हिस्सा है। वे भारत के अभिन्न अंग हैं और हमेशा बने रहेंगे। चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर हमारी स्थिति सबको पता है। यह हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है। पीओके में महंगाई को लेकर हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 20 मई 2024 को बयान दिया था।



उन्होंने कहा था कि पीओके हमेशा से भारत का हिस्सा था। उन्होंने कहा था, "पीओके में प्रदर्शन होने का एक कारण यह भी हो सकता है कि उन्हें कश्मीर घाटी में डेवलपमेंट नजर आ रहा होगा और उन्हें लग रहा होगा कि वे पीछे रह जाएंगे।

### पीओके में हो रहे प्रदर्शन

17 मई 2024 को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पीओके में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद संसाधनों के लूटपाट के लिए पाकिस्तान को जिम्मेवार ठहराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान इन क्षेत्रों पर अवैधा कब्जा किया हुआ है। उस समय भी विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया था कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का पूरा केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा। जयसवाल ने कहा था कि पाकिस्तान की शोषणकारी नीतियां पीओके में रहने वाले लोगों को उनके अधिकारों और संसाधनों से वंचित रखती है।

## महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट

**उज्जैन।** एमपी के उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं से साथ अभद्रता और मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद अब एक्शन हुआ है। वीडियो को देखकर महाकालेश्वर मंदिर समिति ने एक्शन लेते हुए दो सुरक्षाकर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, जबकि तीसरे को निलंबित कर दिया है। इस मामले में महाकालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष और उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक मृणाल मीणा ने बताया कि 29 मई की रात का शंख द्वार के पास कोठार गेट का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें देखा गया कि कुछ श्रद्धालुओं द्वारा जबरन मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की जा रही थी।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2782 दिनांक 23.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एच.आई.जी. फ्लैट (प्रथम तल ) ब्लॉक - 48/101, को श्री चन्द्रशेखर अग्रवाल पिता स्व. श्री हरिनारायण अग्रवाल, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 30.10.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री चन्द्रशेखर अग्रवाल पिता स्व. श्री हरिनारायण अग्रवाल, निवासीः- बी-102, आस्क पैराडाईस वालफोर्ट सिटी के पास भाटागांव, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री गौतम कुमार पिता श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासीः- खजुरी, बंजारी, रोहतास, बिहार, पिन नं. - 821303 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। श्री चन्द्रशेखर अग्रवाल पिता स्व. श्री हरिनारायण अग्रवाल के द्वारा उक्त भवन को किसी भी बैंक, संस्था या निकाय में बंधक रखकर ऋण नहीं लिया गया है, का लेख किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एच.आई.जी. फ्लैट (प्रथम तल ) ब्लॉक- 48/101, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3143 दिनांक 30/05/24 के द्वारा अटल आवास योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में ई.डब्ल्यु.एस. स्वतंत्र भवन क्रमांक- 127 श्रीमती परमेश्वरी साहू पति श्री कमल नारायण साहू, पता :- ग्राम भोथली, पोस्ट फरफौद तह व जिला - रायपुर (छ. ग.) को तत्कालीन कार्यालय छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र 05 रायपुर के आबंटन पत्र क्रमांक 785 दिनांक 27.02.2017 के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा भवन के मद में पूर्ण राशि जमा करने के उपरांत दिनांक 27.08.2021 को उपपंजीयन कार्यालय से लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। एवं तत्कालीन कार्यालय छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र महासमुंद, के पत्र क्रमांक 1028 दिनांक 01.10.2021 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त किया जा चुका है। वर्तमान में आंबटी श्रीमती परमेश्वरी साहू पति श्री कमल नारायण साहू पताः- ग्राम भोथली, पोस्ट फरफौद तह व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा नवीन क्रेता श्री गोविन्द कोसरिया पिता श्री गोपाल कोसरिया पताः- वार्ड नं. 07, बीच पारा, साराडीह तह. महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) को चुकता राशि रुपये 4,00,000/- (अक्षरी चार लाख रुपये मात्र) में सौदा कर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को नवीन क्रेता श्री श्री गोविन्द कोसरिया पिता श्री गोपाल कोसरिया के नाम पर विक्रय हेतु "विक्रय अनुमति / अनापत्ति" पत्र जारी किया जाना है।

अतः अटल आवास योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित ई.डब्ल्यु. एस. स्वतंत्र भवन क्रमांक 127, को विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)

### :: संशोधित आम सूचना ::

वाके मौजा- दतरेंगा, प.ह.नं. 00084, रा.नि.मं.- रायपुर- 18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 73/1 रकबा 0.3720 एवं खसरा नं. 73/2 रकबा 0.3720 हेक्टेयर भूमि के संबंध में ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दीपेश कृपाल पिता श्री फतेलाल कृपाल, निवासी-न्यू चंगोराभाठा रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता गोपाल ध्रुव वल्द केजूराम, कामिन पति शिवकुमार, खेमराज, यशवंत, भेनु, नीलम पिस. शिवकुमार, कौशल्या, पुनाराम, गोवर्धन, गोदावरी, पिस. सेजूराम, ओम बाई पति विश्राम, योगेश, भवानी, ना.बा. भारत, ना.बा. ज्योति, ना.बा. राजकुमारी पालक ओम बाई, हेमीन बाई पति मेहत्तर, मोतीम, लता, ललिता, चमेली, विश्वासा पिसरान मेहत्तर, विमला, खेमीन पिता खेदू, आशा बाई पति लालजी, हेमन्त कुमार, फाल्गुनी पिता लालजी ना.बा. योगेश, पुनीतिन, पिता फिरंता सभी निवासी- दतरेंगा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि वाके मौज दतरेंगा, प.ह.नं. 00084, रा. नि.मं.- रायपुर-18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 236 रकबा 0.8780 हेक्टेयर भूमि का दिनांक 29.05.2024 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित हुआ है उक्त त्रुटि भूलवश हो गया है जिसे संशोधित करते हुए वाके मौजा- दतरेंगा, प.ह.नं. 00084, रा.नि.मं.- रायपुर -18 -कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 73/1 रकबा 0.3720 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 73/2 रकबा 0.3720 हेक्टेयर भूमि को पढ़ा लिखा व समझा जावे, जिसका क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा । सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 29.05.2024
अजय मिश्रा
(अधिवक्ता)
पता- गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 95756-98096, 94252 08960

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

#### फर्द बटवारा ईश्तहार

ई-कोर्ट रा.प्र.क्र. / 202402115600085 / अ-27 / 2023-2024
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं. 38,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24/05/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कांति देवी राठौर पति श्री शरद कुमार राठौर निवासी- राठौर चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका एवं अनावेदिका श्रीमती प्रभा देवी राठौर पति श्री रंजीत सिंह राठौर निवासी-15/398 प्रताप सदन राठौर चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर संयुक्त रूप से ग्राम - खमतराई प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 45/2 रकबा 0.207 हे. एवं खसरा नंबर 45/3 रकबा 0.202 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि को आवेदिका एवं अनावेदिका के मध्य बराबर-बराबर हिस्सा कर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदिका के द्वारा निवेदन किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्रतिवेदन दिनांक 15/05/2024 को प्रकरण में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उक्त भूमि में से पक्षकारों के हिस्से में निम्नानुसार भूमि प्राप्त होना प्रस्तावित किया हैः-

ग्राम-खमतराई, प.ह.नं. 38

| खातेदार का नाम | खसरा नंबर | रकबा (हे.) | लगान |
|---|---|---|---|
| कांति देवी राठौर पति शरद राठौर, प्रभा देवी पति रंजीत सिंह राठौर साकिन राठौर चौक रायपुर | 45/2 45/3 | 0.207 हे. 0.202 हे. | |
| पक्ष क्रमांक - 01 | ख. नं. | रकबा (हे.) | लगान |
| श्रीमती प्रभा देवी राठौर पति रंजीत सिंह राठौर साकिन राठौर चौक रायपुर | 45/2 | 0.207 हे. | |
| पक्ष क्रमांक - 02 | ख. नं. | रकबा (हे.) | लगान |
| श्रीमती कांति देवी राठौर पति शरद राठौर साकिन रायपुर | 45/3 | 0.202हे. | |

अतः आवेदकं द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तुत फर्द बटवारानामा में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/06/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

#### फर्द बटवारा ईश्तहार

ई-कोर्ट रा.प्र.क्र. / 202402115600085/अ-27 / 2023-2024
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं. 38,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24/05/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. शरद राठौर पिता स्व. श्री छोटेलाल राठौर निवासी- राठौर चौक प्रताप सदन रायपुर 2. हर्षदीप जुनेजा पिता स्व.मंगत सिंह जुनेजा निवासी - 21 /539 सिविल लाईन तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदकगण के संयुक्त रूप से ग्राम- खमतराई प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 45/8 शामिल खसरा 92/8 रकबा 0.186 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि को आवेदकगण के मध्य बराबर-बराबर हिस्सा कर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है ।

उक्त आवेदित भूमि के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्रतिवेदन दिनांक 15/05/2024 को प्रकरण में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उक्त भूमि में से पक्षकारों के हिस्से में निम्नानुसार भूमि प्राप्त होना प्रस्तावित किया हैः-

ग्राम-खमतराई, प.ह.नं. 38

| खातेदार का नाम | खसरा नंबर | रकबा (हे.) | लगान |
|---|---|---|---|
| हर्षदीप सिंह पिता मंगत सिंह जुनेजा, शरद राठौर पिता स्व. छोटेलाल राठौर निवासी- फाफाडीह रायपुर छ.ग. | 45/8 (92/8) | 0.186 हे. | |
| पक्ष क्रमांक - 01 | ख. नं. | रकबा (हे.) | लगान |
| हर्षदीप सिंह पिता मंगत सिंह जुनेजा निवासी- सिविल लाईन रायपुर छ.ग. | 45/8 (92/8) का भाग | 0.093 हे. | |
| पक्ष क्रमांक - 02 | ख. नं. | रकबा (हे.) | लगान |
| शरद राठौर पिता स्व. छोटेलाल राठौर निवासी- फाफाडीह रायपुर छ.ग. | 45/8 (92/8) का भाग | 0.093 हे. | |

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तुत फर्द बटवारानामा में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/06/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.

### -:: आम सूचना ::-

वाके मौजा अमलीडीह, वॉर्ड क्र. 46 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वॉर्ड, प.ह.नं. 00069, रा.नि. मं. रायपुर-11-टिकरापारा, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खुली परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 107/19 का भाग, रकबा 0.0890 हे. याने 1250 वर्गफुट भूमि के संबंध में ।

सर्वधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता विनोद कुमार जैन पिता श्री कमल जैन, निवासी रामसागर पारा, रायपुर छ.ग. से उनके भूमिस्वामी हक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खुली परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा अमलीडीह, वॉर्ड क्र. 46 डॉ. [illegible] दस्तावेजों के मेरे अधोलिखित [illegible] में इस आम सूचना प्रकाश[illegible] करें उपरोक्त अवधि [illegible] आपत्तियां एवं दावे शून्य [illegible] और मेरे पक्षकार पर बंधन[illegible]

सो सूचना जानें।
स्थान - रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 30/05/2024
भूपेन्द्र सिंह अधिवक्ता,
कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9893543048

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

#### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री झिलवती जांगड़े पति श्री मनोज कुमार जांगड़े निवासी देवपुरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम गोतियारडीह प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 71/3, 89/1, 89/2 क्रमशः रकबा 0.02, 0.14, 0.13 हे. का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 06/06/2024 को समय 12:00 बजे दोपहर पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 26 के गोतियारडीह स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
अभनपुर


## राशिफल


**मेष** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**वृष** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।


**मिथुन** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।


**कर्क** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।


**सिंह** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।


**कन्या** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।


**तुला** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।


**मकर** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कुंभ** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।


**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

## पेज एक के शेष

### आखिरी रण, जीत...

के लिए मोदी से लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और निर्मला सीतारमण, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता पहुंचे। कांग्रेस की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेताओं राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मिलकर अपनी पार्टी 'आप' के उम्मीदवारों के लिए आक्रामक प्रचार अभियान चलाया।

### शिकार के लिए बिछाए...

प्रदर्शनकारियों को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइस देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 1 निवासी 24 वर्षीय सुजीत सोनी आ. नंदलाल सोनी व 21 वर्षीय किरण काशी की लाश 27 मई की सुबह डूमरखी जंगल में संदिग्ध रूप से मिली थी। मृतक सुजीत सोनी बजरंग दल का जिला संयोजक था और गौ तस्करों के विरुद्ध सक्रिय रूप से काम करता था। सुजीत सोनी व किरण काशी की मौत के पीछे हत्या की बात कही जा रही थी लेकिन मामले में प्रारंभिक जांच में करंट से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस के जांच की दिशा बदल गई। पुलिस ने जांच उपरान्त तीन ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिससे इस बात की पुष्टि हुई है कि आरोपियों द्वारा जंगल के अंदर तरंगित तार शिकार के लिए लगाया था। पुलिस ने मामले में परिश्रम, शिलो व शिवचरण नामक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। आरोपियों ने जंगली सूअर के शिकार हेतु फंदा लगाने की बात स्वीकार की है। वहीं घटना के बाद आरोपी तार व फंदा निकालकर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों से तार, खूंटी, लाठी व टांगी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है जिसके बाद इस मामले का खुलासा हो सकेगा। बड़ी बात यह है कि बलरामपुर जिले में ग्रामीणों द्वारा खुलेआम तरंगित तार का जाल बिछाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जाता है।

## शब्द पहेली - 5527

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | 8 | | | | 9 | |
| | | 10 | | | | | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | | 14 | 15 | | 16 | 17 | |
| | | | | 18 | | | | | | |
| 19 | 20 | | | | | 21 | | 22 | | 23 |
| | | | | 24 | 25 | | | | | |
| 26 | | 27 | | 28 | | | 29 | | | |
| | | 30 | 31 | | 32 | | | | | |
| 33 | 34 | | 35 | | | | | | 36 | |
| 37 | | | | | 38 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5526 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सुडोकू नवताल - 5538

★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANJUL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सुडोकू नवताल - 5537 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

फिल्म शुरू से लेकर आखिरी तक सस्पेंस और थ्रिलर से भरी है

# ना गाना-ना कोई इंटरवल, रहस्य से भरी है राजेश खन्ना की ये सुपरहिट फिल्म

*मुंबई। बॉलीवुड में हर साल अलग-अलग कहानी पर आधारित सैकड़ों फिल्में बनती हैं, कोई फिल्म सफलता के झंडे गाड़ देते हैं तो कोई कब आई और कब गई दर्शकों को पता ही नहीं चलता। कभी किसी फिल्म की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है, कभी स्टारकास्ट तो कभी कॉन्सेप्ट। कुछ फिल्में ऐसी कहानी के साथ बनाई जाती हैं, कि ये दर्शकों के बीच अमर हो जाती है। हर फिल्म अलग-अलग वजह से चर्चा में रहती है। कई फिल्मों के गानों ने भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने का काम किया। वहीं कुछ ऐसी भी फिल्में हैं, जो बिना इंटरवल के सिनेमाघरों में चलीं। लेकिन, क्या आप उस पहली बॉलीवुड फिल्म के बारे मे जानते हैं, जिसमें ना तो कोई गाना था और ना ही इस फिल्म में इंटरवल था। इस फिल्म में बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना लीड रोल में थे।*

### 55 साल पहले रिलीज हुई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म

बिना गाने और बिना इंटरवाल वाली राजेश खन्ना की फिल्म इत्तेफाक आज से करीब 55 साल पहले 1969 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और खूब पसंद की गई थी। खास बात तो ये है कि बिना गाने और इंटरवल के भी इस फिल्म को देखने में दर्शकों को कोई बोरियत नहीं हुई थी। राजेश खन्ना की ये फिल्म जब रिलीज हुई तो सुपरहिट साबित हुई, क्योंकि इसका एक-एक सीन रहस्य से भरा था।



### पौने दो घंटे की फिल्म 20 दिन में हुई तैयार

हम बात कर रहे हैं 'इत्तेफाक' फिल्म की, जिसमें राजेश खन्ना के साथ नंदा, बिंदु, सुजीत कुमार और मदन पुरी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। पौने दो घंटे की ये फिल्म महज 20 दिन में ही बनकर तैयार हो गई थी। इत्तेफाक बॉलीवुड की ऐसी पहली फिल्म थी, जिसमें एक भी गाना नहीं था और ना ही इंटरवल। पौने दो घंटे की ये फिल्म शुरू से लेकर आखिरी तक सस्पेंस और थ्रिलर से भरी है, जिसके चलते आज भी ये खूब पसंद की जाती है।

### यश चोपड़ा को मिला था पुरस्कार

बता दें, राजेश खन्ना स्टारर इत्तेफाक साल 1969 की हिट फिल्मों में से थी। इस सुपरहिट फिल्म का निर्देशन दिग्गज फिल्म निर्माता और निर्देशक यश चोपड़ा ने किया था। इस शानदार फिल्म के लिए साल 1970 में यश चोपड़ा को फिल्म फेयर में बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड भी मिला था।

### इत्तेफाक का रीमेक

इत्तेफाक की सफलता को देखते हुए राजेश खन्ना की इस फिल्म को 48 साल बाद फिर बनाया गया। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, अक्षय खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल में दिखाई दिए थे, लेकिन 2017 में रिलीज हुई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

# 'मैंने अपनी आत्मा खो दी...'

**मुंबई।** अनन्या पांडे पिछले कुछ समय से अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल ऐसी खबरें आई थीं कि वह एक्टर आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। बॉलीवुड के गलियारों में अनन्या और आदित्य का अफेयर खूब सुर्खियों में रहा, लेकिन दोनों ने कभी अपने रिलेशनशिप पर ऑफिशियली मुहर नहीं लगाई। कुछ समय पहले ही एक खबर आई कि अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर अब अलग हो चुके हैं। तब से दोनों लाइमलाइट से थोड़ा दूरी बना हुए हैं। इस बीच 'ड्रीम गर्ल 2' एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देख फैंस को उनकी चिंता हो रही है। दरअसल, सोशल मीडिया स्टार ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में वह सभी से पूछ रहे हैं कि उन्होंने हाल ही में क्या चीज खोई है। इस वीडियो में अनन्या पांडे भी नजर आईं। उन्होंने कहा, मैंने अपनी आत्मा खोई है।



# अंबानी परिवार की पार्टी में होगी 'शकीरा' की परफॉर्मेंस



**मुंबई।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन मार्च में गुजरात के जामनगर में हुआ था। उस समय इस भव्य समारोह की चर्चा हो रही थी। अब यह कपल इटली में अपना दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन करने के लिए तैयार है। अनंत अंबानी 12 जुलाई को मुंबई में राधिका मर्चेंट से शादी करने जा रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन में शकीरा भी परफॉर्म करने वाली हैं। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शकीरा इस प्री-वेडिंग पार्टी के दौरान लक्जरी फ्रेंच क्रूज पर अपने दमदार प्रदर्शन से मेहमानों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उम्मीद है कि 'वाका वाका' गायिका समुद्र के बीचों-बीच अपने सबसे बड़े चार्टबस्टर्स गाने गाएगी और इसके लिए वह कथित तौर पर भारी भरकम फीस भी ले रही है।

### 15 करोड़ रुपए का भुगतान

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, शकीरा को उनके प्रदर्शन के लिए 10 से 15 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले एक खबर आई थी, जिसमें कहा गया है कि भारतीय गायक गुरु रंधावा और अमेरिकी रैपर पिटबुल के चार दिनों के प्री-वेडिंग बैश में प्रदर्शन करेंगे। हालांकि, बता दें कि आज दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन का दूसरा दिन है, लेकिन सोशल मीडिया पर पार्टी की कोई भी तस्वीर या वीडियो सामने नहीं आई है।

### गुरु रंधावा देंगे प्रस्तुति

एक सूत्र ने बताया, गुरु रंधावा अगले दिन आयोजित होने वाले समारोह में पिटबुल के साथ प्रस्तुति देंगे। यह एक मजेदार कोलाब होने वाला है, जिसमें गुरु के संगीत और पिटबुल की धुनों का मेहमान खूब आनंद उठाएंगे।

## टीवी मसाला


# गुलाबी साड़ी रील्स पर 'बबीता भाभी' ने किया गजब का डांस



**मुंबई।** निर्माता असित मोदी के कॉमेडी टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा की स्टार कास्ट को लेकर आए दिन चर्चाओं का बाजार काफी गर्म रहता है। खासतौर पर धारावाहिक में बबीता भाभी का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री मुनमुन दत्ता का नाम अक्सर लाइमलाइट में बना रहता है। इस बीच सोशल मीडिया पर मुनमुन का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है, जिसमें वह गुलाबी साड़ी वायरल गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उनके इस वीडियो को देखकर यूजर्स को तारक मेहता... के जेठालाल की याद आ गई है। आइए एक नजर मुनमुन दत्ता के इस वीडियो पर डालते हैं। सोशल मीडिया पर मुनमुन दत्ता काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन देखा जाता है कि वह अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ न कुछ पोस्ट कर फैंस के दिलों की धड़कने तेज करती रहती हैं। इस बीच बुधवार को उन्होंने इंस्टा पर एक लेटेस्ट डांस रील वीडियो शेयर किया है।

# रिंकू ने ईशा का बताया सच सुनते ही बौखलाईं एक्ट्रेस...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 17' खत्म हो चुका है, लेकिन कंटेस्टेंट्स की तू-तू मैं-मैं शो खत्म होने के बाद भी जारी है। इस सीजन में ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार का लव ट्रायंगल शुरू से लेकर अंत तक चर्चा में था। शो खत्म होने के कुछ ही समय बाद ईशा का समर्थ से ब्रेकअप हो गया। इनके ब्रेकअप पर जहां फैंस ने चुटकी ली, वहीं रिंकू धवन ने ईशा पर ऐसा कमेंट किया कि इसका उन्हें अब करारा जवाब मिला है। गलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में ईशा मालवीय ने रिंकू धवन के कमेंट का जवाब दिया है। दरअसल, जब समर्थ और ईशा का ब्रेकअप हुआ था, तब ये खबर आग की तरह चारों ओर फैल गई थी। तब एक इंटरव्यू के दौरान रिंकू धवन ने कहा था कि उन्हें इस ब्रेकअप से बिलकुल ताज्जुब नहीं हुआ। रिंकू ने कहा था कि 'बिग बॉस 17' के टाइम ही उन्होंने समर्थ से कहा था कि शो खत्म होने के छह महीने के अंदर ईशा उनसे ब्रेकअप कर लेगी।



## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एसईसीएल/म.प्र./भू–राजस्व/2024/206 — दिनांक 17.05.2024

### आवश्यक सूचना

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित अंबिका ओपन–कॉस्ट परियोजना के ग्राम – करतली के प्रभावित भू–विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 13 भू–विस्थापितों/नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार हैः–

| क्र. | ग्राम का नाम | संशोधित घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम/पिता का नाम | अर्जित खसरा नं. | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम/पिता का नाम/नामांकन फार्म में | संबंध | बी-1 (वर्ष 2009-10/2012-13) | सीबीए स्टेटमेंट V | पी-2 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करतली | 2 | उद्रपाल सिंह पिता गरुण सिंह, फूल बाई पति गरुण सिंह | 598/3, 630/1क/1, 603/10, 588/1क, 631/3, 635/3, 145/17, 603/4, 604, 605 | 5.53 | चितरंजन सिंह/उद्रपाल सिंह | पुत्र | उद्रपालसिंह पिता गरुड़सिंह, फुलबाई बे. गरुड़सिंह | उद्राल पालसिंह/ गरुण सिंह, फूल बाई पत्नि गरुण सिंह, रामचरण, रामखिलावन/ अतबल सिंह | उद्रपालसिंह पिता गरुणसिंह/ फूलबाई बे. गरुड़सिंह | उद्रपाल सिंह/ गरुण सिंह | उद्रपाल सिंह पिता स्व. गरुण सिंह, सुर्यकांत पिता उद्रपाल सिंह, चितरंजन सिंह पिता उद्रपाल सिंह | उद्रपाल सिंह पिता गरुण सिंह, चितरंजन सिंह, सुर्यकांत पिता उद्रपाल सिंह | चितरंजन सलाम पिता उद्रपाल सिंह सलाम | चितरंजन सिंह पिता उद्रपाल सिंह | चितरंजन पिता उद्रपाल सिंह | चितरंजन पिता उद्रपाल सिंह |
| 2 | करतली | 73 | पार्वती पिता बुधवार सिंह, श्यामकुंवर पति बुधवार सिंह | 598/4क | 1.12 | कौशल सिंह/ राघव सिंह | पुत्र | पार्वती पुत्री बुधवारसिंह, श्यामकुंवर बे. बुधवारसिंह | पार्वती/ बुधवार सिंह, श्यामकुंवर पति बुधवार सिंह | पार्वती पिता बुधवारसिंह, श्यामकुंवर बे. बुधवार सिंह | पार्वती/ बुधवार सिंह | कौशल सिंह पिता राघव सिंह, पार्वती पिता बुधवार सिंह, कौशिल्या, सुशीला, संतोषी, सुशील कुमार, सीमा पिता राघव सिंह | पार्वती, बिलासा बाई, राजकुमारी पिता बुधवार सिंह, श्यामकुंवर बेवा बुधवार सिंह (फौत), कौशिल्या, सुशीला, संतोषी, सुशील, सीमा, कौशल सिंह माता पार्वती | कौशल सिंह पिता राघव सिंह, पार्वती ओड़े पति राघव ओड़े | – | – | कौशल पिता राघव प्रताप सिंह |
| 3 | करतली | 7 | संतानंद पिता जगदीश | 153/10, 175/1, 189/1, 606/7 | 4.14 | किशन कुमार/ सतानंद | पुत्र | सतानंद पिता जगदीश गोंड़ | सतानंद/ जगदीश | सतानंद व. जगदीश | सतानंद/ जगदीश | किशन कुमार पिता सतानंद, सतानंद पिता जगदीश, अश्वनी कुमारी पिता सतानंद | सतानंद पिता जगदीश, अश्वनी कुमारी, किशन कुमार पिता सतानंद | किशन कुमार पिता सतानंद, सतानंद पिता जगदीश, चन्द्रिका बाई पति सतानंद, अश्वनी कुमारी पिता सतानंद | किशन कुमार पिता सतानंद | किशन कुमार पिता सतानंद | किशन कुमार पिता सतानंद |
| 4 | करतली | 72 | जवाहीर पिता अंधेर सिंह | 168/11, 188/5, 188/12ख, 188/16ख, 195/10, 582/9 | 1.13 | जवाहीर/अंधेर सिंह | स्वयं | जवाहीर सिंह पिता अंधेरसिंह गोंड़ | जवाहीर/ अंधेर सिंह | जवाहीर पिता अंधेर सिंह | जवाहीर/ अंधेर सिंह | जवाहीर पिता अंधेर सिंह | अंधेर सिंह पिता बैसाखु परदेश, जवाहिर पिता अंधेर सिंह | जवाहिर सिंह सलाम पिता अंधेर सिंह | जवाहिर सिंह पिता अंधेर सिंह | जवाहिर सिंह पिता अंधेर सिंह | जवाहिर पिता अंधेर सिंह |
| 5 | करतली | 90 | चमार सिंह पिता सुराज सिंह | 579/2, 581/4, 184/3, 521/3 | 4.50 | रुपमणि/ चमार सिंह | पुत्री | चमारसिंह पि. सुराजसिंह | चमार सिंह/ सुराज सिंह | चमारसिंह | चमार सिंह/ सुराज सिंह | चमार सिंह पिता सुराज सिंह, त्रिवेणी जगत, दीपक कुमार, सुर्योदय पिता चमार सिंह ना.बा. शारदा बली मां चंद्रकुमारी पिता चमार सिंह, रुपमणी पिता चमार सिंह | चमार सिंह पिता सुराज सिंह, त्रिवेणी, दीपक कुमार, सुर्योदय, शारदा, रुपमणी पिता चमार सिंह | रुपमणी पिता चमार सिंह, चमार सिंह सलाम पिता सूराज सिंह सलाम, | रुपमणी पिता चमार सिंह | रुपमणी पिता चमार सिंह | रुप मणी पिता चमार सिंह |
| 6 | करतली | 19 | सूदर्शन पिता गजानंद | 606/15, 606/1क | 2.25 | सुदर्शन सिंह/ गजानंद सिंह | पुत्र | सुदर्शनसिंह पि. गजानंद | सुदर्शन पिता गजानंद | गजानंद व. जगदीश | सुदर्शन सिंह/ गजानंद सिंह | सुदर्शन सिंह पिता गजानंद सिंह | गजानंद सिंह पिता जगदीश सिंह, सुदर्शन सिंह पिता गजानंद सिंह | सुदर्शन सिंह पिता गजानंद सिंह | सुदर्शन सिंह पिता गजानंद सिंह | सुदर्शन सिंह पिता गजानंद | सुदर्शन सिंह पिता गजानंद सिंह |
| 7 | करतली | 46 | शिव कुमार पिता प्रेम सिंह | 588/3, 587, 543/1, 555/2 | 1.54 | आदित्य सिंह/ शिव कुमार सिंह | पुत्र | – | शिव कुमार पिता प्रेम सिंह | शिवकुमार पिता प्रेमसिंह | शिव कुमार सिंह/ प्रेमसिंह | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह, शिव कुमार पिता प्रेम सिंह, अदिति सिंह पिता शिव कुमार सिंह | हिरा सिंह पिता जगसाय, प्रेम सिंह पिता हीरा सिंह, सावित्री सिंह, सविता सिंह, शिव कुमार सिंह, शिवशंकर सिंह पिता प्रेम सिंह, आदिती सिंह, आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह, आदिती सिंह पिता शिव कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह पिता प्रेम सिंह, प्रेम सिंह फुलेशर पिता हीरा सिंह | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह |
| 8 | करतली | 26 | हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह | 596/1ख | 2.00 | हेमलता/पिता श्री चन्द्रभानसिंह | स्वयं | | हेम लता पिता चन्द्रभान सिंह | चन्द्रभानसिंह | हेमलता/ पिता श्री चन्द्रभानसिंह | हेम लता पिता चंद्रभान | चन्द्रभानसिंह पिता धनसिंह, पुष्पलता, हेमलता पिता चन्द्रभानसिंह | हेमलता श्रोते पति जगदेव सिंह श्रोते | हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह | हेमलता पति जगदेव सिंह | हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह |
| 9 | करतली | 4 | उर्मिला बाई, रमोवतीन पिता पितर गोटिया | 628, 646, 647/3, 171/1, 171/2, 174, 641 | 4.57 | सविता/ जनकराम | पुत्री | उर्मिलाबाई पिता पितरगौटिया गौंड | उर्मिला बाई, रमौतिन बाई/पीतर गौटिया | उर्मिलाबाई, रमौतिन पिता पितर गौटिया | उर्मिला बाई/पीतर गौटिया | सविता पिता जनकराम, उर्मिला बाई पिता पितरगौटिया, शिवकुमारी, शिवमती, ललिता कुमारी पिता जनकराम | उर्मिला बाई, रमौतिन बाई (निःसंतान फौत) पिता पीतर गौटिया, शिवकुमारी, शिवमती, ललिता कुमारी, सविता माता उर्मिला बाई | सविता राज पिता जनक राम राज, शिवकुमारी आरमोर पति राजकुमार आरमोर, ललिता मरकाम पति लखन राम मरकाम, उर्मिला बाई पति जंक राम, | कुमारी सविता पिता जनक राम | कुमारी सविता पिता जनक राम | कुमारी सविता पिता जनक राम माता उर्मिला बाई |
| 10 | करतली | 1 | चित्तर सिंह पिता मनसाराम, फुलबाई पति मनसा राम, उर्मिला बाई, लीलाबाई पुत्री मनसा राम, रामरतन, राजरतन पिता सुरित राम | 520/1, 559/2, 572/1, 576/1, 575 | 5.63 | चैनसिंह पिता चितरसिंह | पुत्र | चितरसिंह पिता मनसाराम, राजरतन, रामरतन पि. सुजितराम, लीलाबाई, उर्मिलाबाई पि. मानसाय गोंड़ | चित्तर सिंह/ मनसा राम, फुल बाई पति मनसा राम, उर्मिला बाई, लीला बाई/मनसा राम, रामरतन, राजरतन/ सुरित राम | चितरसिंह पिता मन्शाराम, लीलासिंह, उर्मिलाबाई पि. मन्शाराम, फूलबाई बे. मन्शाराम, राजरतन, रामरतन पि. सुरितराम | स्व. चितर सिंह पिता मनसाराम, उर्मिलाबाई, लीलाबाई, रामरतन, राजरतन | चैनसिंह पिता स्व. चितरसिंह, लीला बाई, उर्मिला बाई पिता मनसा राम, राजरतन, रामरतन पिता स्व. सुरित राम, हेमलता, हेमसिंह, प्रेमलता, पुष्पलता पिता स्व. चितर सिंह | टिकैतिन, उर्मिला बाई, लीला बाई, चित्तर सिंह पिता मंशाराम, हेमलता, हेमसिंह, प्रेमलता, पुष्पलता, चैनसिंह पिता चित्तर सिंह | राजरतन पिता सुरितराम, रामरतन पिता सुरितराम, लीला पति सोहित, उर्मिला पति नैन सिंह, चैन सिंह पिता चितर सिंह, बूंदकुंवर पति चितर सिंह, चितर सिंह पिता मंशाराम | चैन सिंह सलाम पिता चितर सिंह | चैन सिंह सलाम पिता चितर सिंह सलाम | चैन सिंह पिता चितर सिंह |
| 11 | करतली | 1 | चित्तर सिंह पिता मनसाराम, फुलबाई पति मनसा राम, उर्मिला बाई, लीलाबाई पुत्री मनसा राम, रामरतन, राजरतन पिता सुरित राम | 520/1, 559/2, 572/1, 576/1, 575 | 5.63 | हेमसिंह/ चितरसिंह | पुत्र | चितरसिंह पिता मनसाराम, राजरतन, रामरतन पि. सुजितराम, लीलाबाई, उर्मिलाबाई पि. मानसाय गोंड़ | चित्तर सिंह/ मनसा राम, फुल बाई पति मनसा राम, उर्मिला बाई, लीला बाई/मनसा राम, रामरतन, राजरतन/ सुरित राम | चितरसिंह पिता मन्शाराम, लीलासिंह, उर्मिलाबाई पि. मन्शाराम, फूलबाई बे. मन्शाराम, राजरतन, रामरतन पि. सुरितराम | स्व. चितर सिंह/पिता मनसाराम/ उर्मिलाबाई, लीलाबाई/ रामरतन, राजरतन पिता सुरितराम | हेमसिंह पिता स्व. चितरसिंह, लीला बाई, उर्मिला बाई पिता मनसा राम, राजरतन, रामरतन पिता स्व. सुरित राम, हेमलता, चैनसिंह, प्रेमलता, पुष्पलता पिता स्व. चितर सिंह | टिकैतिन, उर्मिला बाई, लीला बाई, चित्तर सिंह पिता मंशाराम, हेमलता, चैनसिंह, प्रेमलता, पुष्पलता, हेमसिंह पिता चित्तर सिंह | राजरतन पिता सुरितराम, रामरतन पिता सुरितराम, लीला पति सोहित, उर्मिला पति नैन सिंह, हेम सिंह पिता चितर सिंह, बूंदकुंवर पति चितर सिंह, चितर सिंह पिता मंशाराम | हेम सिंह पिता चितर सिंह | हेम सिंह पिता चितर सिंह | हेम सिंह पिता चितर सिंह |
| 12 | करतली | 36 | बिलासा बाई पिता बुधवार सिंह | 153/8, 598/4ख, 630/1घ/4, 630/1घ/5 | 1.79 | झुलेश कुमार/ भागवत सिंह | पुत्र | बिलासाबाई पुत्री बुधवारसिंह गोंड़ | बिलासा बाई/ बुधवार सिंह | बिलासाबाई पुत्री बुधवारसिंह | बिलासाबाई/ बुधवार | बिलासा बाई पिता बुधवार सिंह, झुलेश कुमार माता बिलासा बाई, ममता पिता भागवत सिंह | बिलासाबाई पिता बुधवारसिंह, कु. ममता, झुलेश कुमार पिता बिलासाबाई | बिलासा बाई पति भागवत मरावी, झुलेश कुमार मरावी पिता भागवत सिंह मरावी | झूलेश कुमार पिता भागवत सिंह | झूलेश कुमार पिता भागवत सिंह | झूलेश कुमार पिता भागवत सिंह |
| 13 | करतली | 89 | सावित्री पति अमर सिंह | 175/3 | 1.00 | प्रतीक सिंह/ अमर सिंह | पुत्र | 0 | सावित्री पति अमर सिंह | सावित्रीसिंह पति अमरसिंह | सावित्री सिंह पति अमर सिंह | सावित्री सिंह पति अमर सिंह, प्रतीक सिंह पिता अमर सिंह | जगसाय पिता अमोली, हीरासिंह पिता जगसाय, शिवदयाल सिंह, प्रेमसिंह पिता हीरासिंह, सावित्री सिंह, साविता सिंह, शिव कुमार सिंह, शिवशंकर सिंह पिता प्रेमसिंह, पदमनी सिंह, सौरभ सिंह, प्रतीक सिंह माता सावित्री सिंह | सावित्री सिंह पति अमर सिंह, प्रतीक सिंह पिता अमर सिंह | प्रतीक सिंह पिता अमर सिंह | प्रतीक सिंह पिता अमर सिंह | प्रतीक सिंह पिता अमर सिंह माता सावित्री सिंह |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू–स्वामियों द्वारा रोजगार हेतु नामित उम्मीद्वार के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय–सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**महाप्रबंधक, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र**

अवेयरनेस / अनुराग मनींद्र

# हम भी रखें स्वच्छ - सुरक्षित पर्यावरण

हम सभी के स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। इस तरह पर्यावरण हमारे लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे हमें संजो कर रखना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करने में हम अपना योगदान कैसे दे सकते हैं, जानो इस जरूरी बात को।



अपने स्कूल की छुट्टी के बाद आरव और अयान दोनों चॉकलेट खाते हुए वापस घर आ रहे थे। चॉकलेट खत्म होने के बाद आरव ने उसके रैपर को मोड़कर अपनी जेब में यह सोचकर रख लिया कि रास्ते में जहां कहीं भी डस्टबिन मिलेगा, उसमें इसे डाल देगा। जबकि अयान ने रैपर को यूं ही रास्ते में फेंक दिया। उसे ऐसा करते देख आरव ने टोका, 'अयान, ये गलत बात है न! याद करो, क्लास में टीचर जी ने पर्यावरण और उसकी स्वच्छता के बारे में क्या समझाया था?' अयान को अपनी भूल का एहसास हुआ। वह बोला, 'आगे से इस बात का ध्यान रखूंगा कि कोई ऐसा काम ना करूं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। मेरी यह भी कोशिश होगी, पर्यावरण स्वच्छ रखने में अपना योगदान दूं।'

## पर्यावरण का अर्थ

बच्चों, पर्यावरण दो शब्दों 'परि' और 'आवरण' के मिलने से बना है। यहां 'परि' का अर्थ है 'चारों ओर' और 'आवरण' का अर्थ है- 'जिससे हम घिरे हुए हैं' या 'जो हमारे चारों ओर फैला हुआ है।' मतलब, हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक (लिविंग) और अजैविक (नॉन-लिविंग) घटकों, जैसे- मिट्टी, हवा, पानी, सूरज की रोशनी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु इन सभी से मिलकर हमारा पर्यावरण यानी 'एनवॉयर्नमेंट' बना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत

बच्चों, तुम सोचते होगे कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत कब से हुई। पर्यावरण के प्रति विश्व में जागरूकता लाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सन 1972 में 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। अगले वर्ष 5 जून 1973 को पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह-जगह पर्यावरण से जुड़े सेमिनार होते हैं, लोग पेड़-पौधे लगाते हैं।

## पर्यावरण का महत्व

पर्यावरण का अर्थ समझने के बाद तुमको इसके महत्व के बारे में भी जानना जरूरी है। पर्यावरण ना सिर्फ हम इंसानों बल्कि हर जीवित प्राणी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम सभी भोजन, पानी, आवास और अन्य जरूरतों के लिए किसी न किसी रूप में पर्यावरण पर निर्भर हैं। इसलिए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें।

## हमारी गतिविधियों का प्रभाव



बच्चों, हमारी कई सारी आदतों का सीधा या दूरगामी प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। पेड़ लगाना, पानी बचाना, अपने आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखना, ये आदतें पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कहने का मतलब, इससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। वहीं दूसरी तरफ, पेड़ों की कटाई, पानी की बर्बादी या इसे दूषित करना, अपने आस-पास गंदगी फैलाने जैसी आदतें हमारे पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है।

## बच्चे भी दे सकते हैं अपना योगदान

बच्चों, तुम भी कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अपने डेली-रूटीन में शामिल करके एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हो। जैसे-

- अपने फ्लैट में गमलों में पौधे लगाकर या अगर घर बड़ा है, सुंदर-सा बगीचा बनाया जा सकता है तो इसमें पेड़-पौधे लगाओ। इसकी नियमित देखभाल भी करो ताकि ये सूखे, मुरझाएं नहीं, हमेशा हरे-भरे बने रहें।



- उपयोग न होने की स्थिति में घर की लाइट्स, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के स्विच बंद करने की आदत बनाओ।
- अपने आस-पास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखो। कूड़ा-करकट इधर-उधर न बिखेरो, इसे हमेशा कूड़ेदान में ही डालो।
- नहाते और ब्रश करते समय इस बात का ध्यान रखो कि पानी की बेवजह बर्बादी न हो।
- कागज को यूं ही बर्बाद मत करो। कुछ बच्चे अपनी नोटबुक के कई सारे पन्ने यूं ही सादा छोड़ देते हैं या आधे लिखे पन्ने को फाड़कर फेंक देते हैं। याद रखो, कागज बनाने के लिए पेड़ काटे जाते हैं। इसलिए अपनी नोटबुक्स का इस्तेमाल किफायत से करो।
- जब भी खाली समय मिले तो कुछ समय बगीचे में या पार्क में बिताओ। इससे तुम स्वस्थ रहोगे, साथ ही तुम्हें नेचर और एनवॉयर्नमेंट को समझने का मौका भी मिलेगा।
- पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के उपायों को जानो और समझो। साथ ही इसे अपने दोस्तों को भी बताओ, ताकि वे भी पर्यावरण-संरक्षण में अपना योगदान दें। *

## इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम

प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस की एक 'थीम' निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न पर्यावरण संबंधी आंकड़ों, पर्यावरण को प्रभावित करने वाले कारकों और पर्यावरण संबंधी लक्ष्यों के पूरा करने के लिए तय की जाती है। वर्ष 2024 के लिए पर्यावरण दिवस की थीम है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता'। इस थीम का उद्देश्य है, मरुस्थलीकरण की समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास करना। पृथ्वी पर मिट्टी के क्षरण को रोकना ताकि पृथ्वी की उर्वरा शक्ति बनी रहे, पेड़-पौधों की संख्या बढ़े, खाने-पीने के लिए फल, सब्जी और अनाज प्रचुर मात्रा में उपजें।

साइंस नॉलेज / नयनतारा

बच्चों, तुम्हारे मन में कभी यह सवाल जरूर आता होगा कि पृथ्वी पर पेड़-पौधों की उत्पत्ति कैसे और कब हुई? जानो, पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा के बारे में।

# पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा

बच्चों, पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल, ये हर किसी के मन को भाते हैं। लेकिन आज जो पेड़-पौधे हमें दिखते हैं, वो हमेशा से ऐसे नहीं थे। ये पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचे हैं।

**पहले जल में था पौधों का जीवन :** वैज्ञानिकों का मानना है कि दो बिलियन वर्षों से भी पहले, जब पृथ्वी पर जीवन का आरंभ हुआ, तब जमीन बंजर और जीवनरहित थी। उस समय पौधों का जीवन केवल समुद्र और अन्य जलीय स्त्रोतों में ही था।




**पृथ्वी पर पौधों की उत्पत्ति :** लगभग 42,50,00,000 वर्ष पहले कुछ छोटे-छोटे हरे पौधे जमीन पर आए। वह संभवतः किसी प्रकार की ग्रीन सी वीड्स (एल्गी या काई) से विकसित हुए थे। ये शुरुआती पौधे कुछ-कुछ सेवार (मॉस), लीवरवॉट्र्स और हॉर्नवॉट्र्स जैसे दिखाई देते थे, जिन्हें आज हम नमी भरी, छायादार जगहों पर उगता हुआ देखते हैं।

**जटिल पौधों का विकास :** लगभग 40,00,00,000 वर्ष पहले अधिक जटिल पौधे (कॉम्प्लेक्स प्लांट्स) विकसित हुए। ये पौधे आधुनिक फर्न, हॉर्सटेल और क्लब मॉस जैसे दिखाई देते थे। फर्न पहले पौधे थे, जिनमें जड़, तना और पत्तियां आईं।



**जुरासिक पीरियड के पेड़-पौधे :** जुरासिक काल में जब पृथ्वी पर पहले-पहल डायनासोर का अस्तित्व प्रारंभ हुआ, तब सीड फर्न, जिंकगोज, सायकड और कोर्डियाटेल्स के विशाल जंगल जमीन पर फैले पड़े थे। ये शुरुआती पेड़ थे, जो बीजों से उत्पन्न हुए थे और बाद में जंगलों में फैलते गए।

**देवदार और अन्य शंकुधर पेड़ों की उत्पत्ति :** लगभग 30,00,00,000 वर्ष पहले देवदार, सनोबर, सरो, स्प्रूस, हेमलॉक, रेडवुड जैसे पेड़ों का अस्तित्व प्रारंभ हुआ। ये बीजधारी पेड़ थे, इनके बीजों से ही इनकी उत्पत्ति और इनका विस्तार होता गया। म्यूटेशन के विभिन्न चरणों से गुजरने के बावजूद आज भी ये पेड़ लगभग अपने पुराने रूप में ही पाए जाते हैं।



**फूलों वाले पौधों का विकास :** लगभग 15 लाख वर्ष पहले शुरुआती फूलों वाले पौधे विकसित हुए। उनके सुरक्षित 'कवर्ड' बीज उन्हें अन्य पौधों से बेहतर बना देते हैं। इन्हीं बीजों की वजह से इनकी संख्या और प्रकार में वृद्धि हुई। आज तो अलग-अलग किस्म के फूल वाले पौधे लगभग हर जगह मौजूद हैं। *

## जीके क्विज- 106



1. विश्व साइकिल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया है?
3. पेरिस ओलंपिक-2024 के लिए किस भारतीय को मशाल वाहक के रूप में चुना गया?
4. सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
5. मंगोलिया की राजधानी का क्या नाम है?
6. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
7. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
8. 'पुलित्जर पुरस्कार' का संबंध किस क्षेत्र से है?
9. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?
10. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?

**बच्चों, जीके क्विज-106 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-105 का उत्तर :** 1.सुनील छेत्री, 2.झारखंड, 3.प्रशांत महासागर, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आईजैक न्यूटन, 7.सोडियम क्लोराइड, 8.हेनरी कैवेंडिश, 9.शतरंज, 10.विलियम शेक्सपीयर

**जीके क्विज-105 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले



**मोनू (राजू से) :** तुम सोनू से बात मत किया करो, वह बहुत झूठ बोलता है। वैसे, सोनू तुमसे क्या कह रहा था?
**राजू :** वो तुम्हारी तारीफ कर रहा था। कह रहा था, सोनू बहुत अच्छा लड़का है।
-सौम्या, रायपुर

**हिंदी टीचर :** स्वर और व्यंजन में क्या फर्क होता है?
**अमन :** स्वर मुंह से बाहर निकलता है और व्यंजन मुंह के अंदर जाता है।
-अंकुश, धमतरी

**चिंटू :** बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था।
**मिंटू :** इतने ध्यान से क्या देख रहे हो?
**चिंटू :** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-आकाश, रोहतक

# बगीचे का जन्मदिन

दिशा ने एक दिन अपने सभी फ्रेंड्स से कहा कि वह अपने बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, सभी उसके घर जरूर आएं। हालांकि फ्रेंड्स को बगीचे के जन्मदिन की बात बड़ी अजीब लगी फिर भी वे दिशा के घर गए। क्या दिशा ने सचमुच बगीचे का जन्मदिन मनाया?

कहानी
संदीप पांडे



दिशा ने स्कूल में अपने सभी क्लासमेट्स को जब यह बताया कि दो दिन बाद वह अपने घर के छोटे-से बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, तो सब यह सुनकर चौंके, 'बगीचे का जन्मदिन!' दिशा ने सभी से बगीचे के बर्थ-डे पर आने को कहा। उसने अपनी कॉलोनी के फ्रेंड्स को भी बगीचे के जन्मदिन पर आमंत्रित किया था। बगीचे का बर्थ-डे वाली बात सुनकर रोहन बाकी दोस्तों से बोला, 'दो महीने पहले दिशा ने अपनी पालतू बिल्लियों का भी जन्मदिन मनाया था। कहीं ऐसा तो नहीं कि दिशा अपने आप को कुछ अलग और खास दिखाना चाहती है।'

यह सुनकर सब ने रोहन की हां में हां मिलाई। लेकिन कुछ बच्चों के दिमाग में आया कि कहीं इस बार दिशा उन्हें बेवकूफ तो नहीं बना रही है? लेकिन एक दिन बाद दिशा ने फिर से सबको दोबारा याद दिलाया, 'सबको बगीचे के जन्मदिन पर जरूर आना ही है।' साथ ही उसने यह भी कहा, 'किसी को भी गिफ्ट्स वगैरह लेकर नहीं आना है। अपने साथ बस एक-एक बोतल पानी लेकर आना है।'

दिशा के बार-बार कहने की वजह से सबको बेमन से उसके घर जाना ही पड़ा। सब एक-एक बोतल पानी लेकर उसके घर पहुंचे। दिशा के घर का छोटा-सा बगीचा खूब अच्छे से सजा हुआ था। दिशा ने आर्ट एंड क्राफ्ट में जो-जो बनाना सीखा था, उससे बगीचा सजाकर उसे और भी मनमोहक बना रखा था। सजावट की वजह से बगीचे के फूल भी बहुत ही खूबसूरत लग रहे थे। दिशा ने पहले सबको बगीचे के नीबू का शरबत पिलाया। इसी के साथ सबने बगीचे में लगे अमरूदों को भी मजे से खाया। इसके बाद सबको पकौड़े खाने को मिले फिर केक काटा गया। बच्चों ने 'हैप्पी बर्थ-डे' बोलते हुए बगीचे के पेड़-पौधों पर अपनी-अपनी बोतलों से पानी छिड़का।

दिशा ने सबको एक डब्बा दिया, जिसमें कुछ पर्चियां रखी थीं। सबको एक-एक पर्ची निकालकर उसमें लिखी एक्टिविटी करनी थी। किसी को फूल पर कविता सुनानी थी, किसी को तितली पर, किसी को कहानी सुनानी थी। सबने अपनी-अपनी पर्ची में लिखी एक्टिविटी करके दिखाया। हर बच्चे की एक्टिविटी पर खूब तालियां बज रही थीं। दिशा के बगीचे में खूब रौनक और धूम-धाम हो गई थी।

सभी बच्चों को इतना मजा आ रहा था कि उनका अपने-अपने घर जाने का मन ही नहीं हो रहा था। धूम-धाम से बगीचे का जन्मदिन मनाने के बाद जब दिशा के फ्रेंड्स अपने-अपने घर जाने लगे, तो दिशा के दादाजी ने हर बच्चे को एक-एक प्यारा-सा टिफिन बॉक्स उपहार में दिया। दिशा ने अपने सभी फ्रेंड्स को एक-एक गमला दिया, जिसमें फूल खिले हुए थे।

रोहन ने दिशा से कहा, 'दिशा, हमें तुम पर गर्व है। अब हम भी अपने घर के बरामदे में फूल लगाकर तितलियों को अपने घर बुलाएंगे।'

अपने घर जाते समय सभी बच्चों ने एक साथ दिशा के बगीचे से 'हैप्पी बर्थ-डे अगेन' कहा। यह सुनकर दिशा को महसूस हुआ, उसका बगीचा और भी अधिक खिला-खिला लग रहा है। *

कविता / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

# बादल बोले




टिपिर-टिपिर कर बरस रहा था,
आसमान से पानी।
पानी का अकाल है क्या जी?
मुझको थी हैरानी!
सुबक-सुबक कर बादल बोले,
'हम तो बस रोते हैं।
दुनिया की हरकतें देख, बोझा
मन पर ढोते हैं।
पेड़ कट गए, भटक रहे हैं,
पशु-पक्षी बेचारे।
तुम तो एसी में बैठे, ये
फिरते मारे-मारे।
धरती औ' पहाड़ तपते हैं,
कहो, कहां ये जाएं?
पेड़ लगाओ ढेरों सारे,
कैसे यह समझाएं?'
समझ गए हम, वादा करते,
सुन मन ही मन हरसे।
ढेरों बादल हुए इकट्ठे,
खूब झमाझम बरसे।

## रंग भरो-151

**रंग भरो-151** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





यश, रोहतक



पृथ्वीराज, बिलासपुर



रितेश, मटियारी



परिधि, रोहतक



पलक, धमतरी



मयंक, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भावन्या-भिलाई, दिव्यांश-दुर्ग, सृष्टि-रायपुर, भूमिका-बालोदा बाजार, रेयांश-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, प्रज्ञा-कोंडागांव, सुयश-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, भानवी-दुर्ग, तक्षित-बिलासपुर, पवित्रा-फिंगेश्वर, योगिता-कोरबा, उदय-बालोद

## रंग भरो 152

बच्चों, इस चित्र में टीना, फूलों वाले पौधे पर पानी डाल रही है। पास ही एक तितली मंडरा रही है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## रास्ता खोजो

बच्चों, पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्ष और खुशी गार्डन में पौधा लगा रहे हैं। अंश पौधे में पानी डालने के लिए हजारा लेने गया था, जब लौटने लगा तो गार्डन का रास्ता भूल गया। तुम अंश को गार्डन में हर्ष-खुशी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जारी की

# वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान बही-खाता पाक के जीडीपी का ढाई गुना

एजेंसी ⏭ मुंबई

खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है।

### बैंकों से धोखाधड़ी के मामले बढ़े

बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने व भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने कानून लाया गया।

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है।*

### बही-खाते का आकार बढ़ा

आरबीआई ने कहा, '2024-25 के लिए वास्तविक (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें जोखिम दोनों तरफ बराबर है।' आरबीआई ने कहा कि 2022-23 में उसके बही-खाते तक का आकार 63.45 लाख करोड़ रुपये था। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7,02,946.97 करोड़ रुपये बढ़ा है।

### अर्थव्यवस्था में जुझारूपन

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

### बैंक तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट

जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है।

**आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशीलता बनी रहेगी**

**आरबीआई ने खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने का दिया संकेत**

### दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी



*विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय बढ़ी : आरबीआई को विदेशी मुद्रा लेनदेन से 83,616 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय बढ़कर 65,328 करोड़ रुपये हो गई, जिससे उसे अपनी आकस्मिकता निधि का आकार बढ़ाने में मदद मिली। वार्षिक रिपोर्ट आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की एक वैधानिक रिपोर्ट है। दावा न की गई राशि 26 फीसदी बढ़ी : रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज और कार्यों को शामिल किया गया है। वित्तीय क्षेत्र पर आरबीआई ने कहा कि बैंकों के पास दावा न किए गए जमा में मार्च 2024 के अंत में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 78,213 करोड़ रुपये हो गई।*

### एमएसपी ने फसलों के लिए 50 फीसदी लाभ निश्चित किया

वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शुरू किया 'जियो फाइनेंस ऐप'

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने बृहस्पतिवार को 'जियो फाइनेंस ऐप' का प्रायोगिक संस्करण शुरू किये जाने की घोषणा की। इस पहल का मकसद हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित उत्पादों को उपलब्ध कराना और वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने बयान में कहा कि यह ऐप डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) लेनदेन, बिल निपटान, बीमा सलाह को सहजता से एक साथ लाता है।

### शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन रही गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 617 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 22,500 अंक के नीचे आ गया। गिरावट से शेयर बाजार के निवेशकों को आज 3.88 लाख करोड़ रुपये का घाटा हुआ। उपभोक्ता और चुनिंदा आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 617.30 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,885.60 अंक पर बंद हुआ।

### ऑफिस स्पेस 13 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** कार्यस्थल प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर निर्गम मूल्य 383 रुपये से 13 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 13.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 435 रुपये पर शुरुआत की।

## एलन कोटा में मिलेगी सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

▪ एलन माहेश्वरी परमार्थ न्यास ने शुरू की शिक्षा संबल योजना

शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है, इसके तहत उत्तर भारत के सरकारी विद्यालयों व विद्या भारती संस्थान के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग, आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। इसकी घोषणा एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने की। इस अवसर पर परमार्थ न्यास से जुड़े सदस्यों ने शिक्षा संबल योजना के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि इसके पीछे प्रेरणास्त्रोत स्व. लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी हैं, जिन्होंने हमें शिक्षा का महत्व समझाते हुए परमार्थ की सीख दी। इसलिए ट्रस्ट का नाम एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास रखते हुए कार्य शुरू किया गया है।

बता दें कि चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है, इसके लिए न्यास ने एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत इन्हें एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क नीट-2025 की तैयारी के लिए कोचिंग करवाई जाएगी। यह चयन एक वर्ष के लिए होगा। न्यास द्वारा भविष्य में भी शिक्षा व अन्य क्षेत्रों से जुड़े हुए कार्य किए जाएंगे।

### आवेदन एलन सेंटर पर होंगे उपलब्ध

पोस्टर विमोचन के साथ ही सभी सातों राज्यों में परीक्षा केन्द्रों की संख्या और आवेदन भरने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टडी सेंटर्स पर आवेदन फार्म उपलब्ध होंगे तथा वहां पूर्ण आवेदन भरकर परीक्षा के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी www.allen.ac.in अथवा lnmp-nyas.org से ली जा सकती है।

## अविनाश ट्विन सिटी में 400 से अधिक सर्वसुविधायुक्त प्लॉट्स उपलब्ध



**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी अविनाश ग्रुप ने अपने नए प्रोजेक्ट 'अविनाश ट्विन सिटी' के बड़े विस्तार की घोषणा की है। यह प्रमुख विकास कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित है, जो रायपुर और भिलाई के बीच के केंद्र में है।

अविनाश ट्विन सिटी में 400 से अधिक नए प्लॉट्स उपलब्ध है। जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय स्थानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। यह विस्तार संभावित खरीदारों को व्यापक विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार सही प्लॉट चुन सकते हैं। बता दें कि अविनाश ट्विन सिटी केवल एक आवासीय परियोजना नहीं है, बल्कि यह एक पूर्ण विकसित टाउनशिप है जो आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें हरे-भरे बागान, मनोरंजन क्षेत्र, खेल के मैदान और सामुदायिक हॉल शामिल हैं।

यह संरचना उच्चतम गुणवत्ता के साथ डिजाइन की गई है, जिसमें सुचारू सड़कों, प्रभावी जल आपूर्ति, विश्वसनीय बिजली और व्यापक सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि निवासियों को सुरक्षित और आरामदायक जीवन यापन सुनिश्चित हो सके।


## एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने चलाया तंबाकू के खिलाफ जागरूकता अभियान



**रायपुर।** दुनिया में हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह जागरूकता अभियान अस्पताल द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न पार्क में चलाया गया।

रैली में एमएमआई नर्सिंग कॉलेज से स्टूडेंट्स और पार्क में मौजूद अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. भारत भूषण, हेड एंड नैक ओंको सर्जन, डॉ यश चड्ढा एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स ने आम जनता से तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी और इसके सेवन को बंद करने की अपील की। डॉ. भारत भूषण ने बताया की विश्व में धूम्रपान करने वालों में से करीब 10 प्रतिशत लोग भारतीय हैं। भारत का तंबाकू निर्यात में छठा स्थान आता है। उन्होंने बताया कि हमारे राज्य में भी तंबाकू मध्यम से लिया जाता है और अन्य कैंसर की अपेक्षा तंबाकू से होने वाले कैंसर का बहुत अधिक खतरा है। इस पहल के माध्यम से नारायणा हेल्थ कैंसर इंस्टिट्यूट को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

## श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में कंडक्शन सिस्टम पेसिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न



**रायपुर।** श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल ने पहली बार कंडक्शन सिस्टम पेसिंग (सी एस पी) प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह प्रक्रिया अनुभवी और कुशल हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई, जिसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह प्रक्रिया श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जोगेश विशनदासानी के नेतृत्व में की गई। डॉ. जोगेश विशनदासानी ने बताया कि कंडक्शन सिस्टम पेसिंग की सफलता ने हमें उन मरीजों के लिए नई उम्मीद दी है जो पारंपरिक पेसिंग तकनीकों से लाभान्वित नहीं हो पाते थे। उन्होंने आगे कहा कि प्रक्रिया के दौरान, मरीज की सुरक्षा और आराम को सर्वोपरि रखा गया। सभी मापदंडों का पालन करते हुए, यह सुनिश्चित किया गया कि मरीज को किसी प्रकार की असुविधा न हो और प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

*क्या है कंडक्शन सिस्टम पेसिंग? : कंडक्शन सिस्टम पेसिंग एक आधुनिक और उन्नत हृदय पेसिंग तकनीक है, जिसका उद्देश्य हृदय की विद्युत प्रणाली को सामान्य रूप में बहाल करना है। यह प्रक्रिया विशेष रूप से दिल के उन मरीजों के लिए फायदेमंद होती है जिनके हृदय की विद्युत प्रणाली में असामान्यता होती है, जिससे हृदय की धड़कन अनियमित हो जाती है। सीएसपी तकनीक हृदय की विद्युत प्रणाली के कंडक्शन सिस्टम को सीधे पेस करती है, जिससे हृदय की कार्यक्षमता में सुधार होता है और मरीज की गुणवत्ता जीवन में वृद्धि होती है।*

## भारतीय कंपनियों का मूल्यांकन ऊंचे स्तर पर पहुंचा

# प्रधानमंत्री मोदी 'बेहद मजबूत नेता' : सुनील मित्तल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

▪ मोदी के अगुवाई में संचालित है स्थिर एवं ठोस अर्थव्यवस्था

भारती एयरटेल के संस्थापक सुनील मित्तल ने कहा है कि एयरटेल समेत तमाम भारतीय कंपनियों का मूल्यांकन ऊंचे स्तर पर पहुंचना 'एक बेहद मजबूत नेता' की अगुवाई में संचालित स्थिर एवं ठोस अर्थव्यवस्था का परिणाम है।

मित्तल ने एक अंग्रेजी समाचारपत्र में प्रकाशित एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का सरकार के स्तर पर किसी भी कंपनी का पक्ष नहीं लेने का संदेश भारती एयरटेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। इससे एयरटेल को रिलायंस जियो से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ने में मदद मिली।

### प्रधानमंत्री से अविश्वसनीय ऊर्जा व प्रेरणा मिली

मित्तल ने प्रधानमंत्री मोदी के इन शब्दों को याद करते हुए कहा, 'मेरे लिए उनका यह कहना पर्याप्त था। मैंने उठकर उनका धन्यवाद किया... यह (एयरटेल के लिए) एक महत्वपूर्ण मोड़ था।' इसके साथ ही मित्तल ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के साथ उस बैठक से एक अविश्वसनीय ऊर्जा और प्रेरणा भी मिली।



### मुफ्त डेटा से रिलायंस ने बाजार में मचाई थी हलचल

मुकेश अंबानी की दूरसंचार इकाई रिलायंस जियो ने वर्ष 2016 में मुफ्त वॉयस और डेटा सेवाओं के साथ दूरसंचार बाजार में हलचल मचा दी थी। उस समय एयरटेल को लगा था कि दूरसंचार नियामक ट्राई के कुछ फैसले उस पर प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। उस पृष्ठभूमि में मित्तल ने सितंबर, 2018 में प्रधानमंत्री से मुलाकात का वक्त मांगा था।

### सरकार किसी भी पक्ष की ओर नहीं झुकेगी

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए मित्तल ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि मैं बाजार में लड़ूंगा लेकिन सरकार से नहीं लड़ सकता। इसपर उन्होंने मुझसे कहा कि सरकार किसी भी पक्ष की ओर नहीं झुकेगी। देश के लिए जो भी अच्छा होगा, वह किया जाएगा। आप बाजार में लड़ें। इस पर मेरी कोई राय नहीं है। लेकिन आप इस बात को लेकर आश्वस्त हो सकते हैं कि सरकार किसी का पक्ष नहीं लेगी।


रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20052024-254254
CG-DL-E-20052024-254254

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1912] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 17, 2024/वैशाख 27, 1946
No. 1912] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 17, 2024/VAISAKHA 27, 1946

कोयला मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 17 मई, 2024

**का.आ. 2010(अ).**— केन्द्रीय सरकार ने कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना का.आ. संख्या 2876 (अ), तारीख 3 जुलाई, 2023 जो भारत के राजपत्र, भाग 2, खंड 3, उपखंड **(ii)** , तारीख 3 जुलाई**, 2023** में प्रकाशित की गई थी**,** उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट परिक्षेत्र की भूमि में जिसका माप 42.000 हेक्टेयर (ल) अथवा 103.782 एकड़ (लगभग) कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना दी थी ;

और केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो गया है कि इस अधिसूचना में उपाबद्ध अनुसूची में विहित की गई उक्त भूमि के भाग में कोयला अभिप्राप्य है;

अत, अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इससे संलग्न अनुसूची में वर्णित 42.000 हेक्टेयर लगभग (या 103.782 एकड़ )लगभग माप की उक्त भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की सूचना देती हैं:

टिप्पण 1: इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जी.एम.(एल एंड आर) /भूमि/09, तारीख 22 मार्च, 2024 का निरीक्षण कलेक्टर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में या कोयला मंत्रालय, स्कोप मीनार, पांचवी मंजिल, कोर – 2, लक्ष्मी नगर, दिल्ली 110092 के कार्यालय में या साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (राजस्व अनुभाग), सीपत रोड, बिलासपुर-495006 (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में किया जा सकता है।

**टिप्पण 2:** उक्त अधिनियम की धारा 8 के उपबंधों की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसमे निम्नलिखित उपबंध है-

"8. अर्जन की बावत् आपत्तियां - (1) कोई व्यक्ति जो किसी भूमि में जिसकी बाबत् धारा 7 के अधीन अधिसूचना निकाली गई है, हितबद्ध है, अधिसूचना के निकाले जाने से तीस दिन के भीतर सम्पूर्ण भूमि या उसके किसी भाग या ऐसी भूमि में या उस पर के किन्हीं अधिकारों का अर्जन किए जाने के बारे में आपत्ति कर सकेगा।

स्पष्टीकरण - इस धारा के अर्थान्तर्गत यह आपत्ति नहीं मानी जाएगी कि कोई व्यक्ति किसी भूमि में कोयला उत्पादन के लिए स्वयं खनन प्रचालन करना चाहता है और ऐसी प्रचालन केन्द्रीय सरकार या किसी अन्य व्यक्ति को नहीं करनी चाहिए।

(2) उप-धारा (1) के अधीन प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी को लिखित रूप में की जाएगी और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को स्वयं सुने जाने, या विधि व्यवसायी द्वारा सुनवाई का अवसर देगा और ऐसी सभी आपत्तियों को सुनने के पश्चात् और ऐसी अतिरिक्त जाँच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जो यह आवश्यक समझता है, वह या तो धारा 7 की उप-धारा (1) के अधीन अधिसूचित भूमि का या ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकारों के संबंध में एक रिपोर्ट या ऐसी भूमि के विभिन्न टुकड़े या ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकारों के संबंध में आपत्तियों पर अपनी सिफारिशों और उसके द्वारा की गई कार्यवाही के अभिलेख सहित विभिन्न रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को उसके विनिश्चय के लिए देगा।"

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए वह व्यक्ति किसी भूमि में हितबद्ध समझा जाएगा जो प्रतिकर में हित का दावा करने का हकदार होगा, यदि भूमि या किसी ऐसी भूमि में या उस पर के अधिकार इस अधिनियम के अधीन अर्जित कर लिए जाते है।

टिप्पण 3: केन्द्रीय सरकार ने कोयला मंत्रालय, स्कोप मीनार, पांचवी मंजिल, कोर – 2, लक्ष्मी नगर, दिल्ली 110092 को उक्त अधिनियम की धारा 3 के अधीन अधिसूचना संख्या का.आ. 905, तारीख 20 मार्च, 1987, जो भाग 2, खंड 3, उपखंड **(ii)** , 4 अप्रैल, 1987 में प्रकाशित की गई थी सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है।

**अनुसूची**
पेलमा ओपनकास्ट परियोजना (15 मिलियन टन प्रतिवर्ष)
रायगढ़ क्षेत्र, साउथ ईस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड
जिला- रायगढ़ (छत्तीसगढ़)
(रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जी.एम.(एल एंड आर)/भूमि/09, तारीख 22 मार्च 2024)

सभी अधिकार :

(क) राजस्व भूमि:

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | पटवारी हल्का संख्या | तहसील | जिला | राज्य | अधिसूचित क्षेत्र (हेक्टेयर में) | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खर्रा | 16 | तमनार | रायगढ़ | छत्तीसगढ़ | 1.000 | भाग |
| कुल 1.000 हेक्टेयर (लगभग) या 2.471 एकड़ (लगभग) | | | | | | | |

(ख) वन भूमि:

| क्रम संख्या | रेंज का नाम | तहसील | जिला | राज्य | अधिसूचित क्षेत्र (हेक्टेयर में) | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिलोट वन रेंज | तमनार | रायगढ़ | छत्तीसगढ़ | 41.000 | भाग |
| कुल 41.000 हेक्टेयर (लगभग) या 101.311 एकड़ (लगभग) | | | | | | |

कुल योग (क + ख): 42.000 हेक्टेयर (लगभग) या 103.782 एकड़ (लगभग)

1. ग्राम खर्रा (भाग) में अर्जित किए जाने वाले प्लाट संख्याः 118/1 (भाग), 125/2 (भाग), 126/1 (भाग), 126/2 (भाग), 127 (भाग), 128/1 (भाग), 129/1 (भाग), 129/2 (भाग), 129/3 (भाग), 129/4 (भाग).

2. सिलोट वन रेंज (भाग) में अर्जित किए जाने वाले कम्पार्टमेंट संख्याः 724 (भाग), 725 (भाग), 726 (भाग).

सीमा वर्णन :

क-ख : रेखा, बिन्दु "क" से आरंभ होती है और ग्राम पेलमा के सीमा से लगे हुए सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ख" पर मिलती है।

ख-ग: रेखा, बिन्दु "ख" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ग" पर मिलती है।

ग-घ : रेखा, बिन्दु "ग" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "घ" पर मिलती है।

घ-ड. : रेखा, बिन्दु "घ" से आरंभ होती है और ग्राम मडवाडूमर के सीमा से लगे हुए सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ड." पर मिलती है।

ड.-च रेखा, बिन्दु "ड." से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "च" पर मिलती है।

च-छ रेखा, बिन्दु "च" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "छ" पर मिलती है।

छ-ज रेखा, बिन्दु "छ" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ज" पर मिलती है।

ज-झ रेखा, बिन्दु "ज" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र एवं ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "झ" पर मिलती है।

झ-ञ रेखा, बिन्दु "झ" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ञ" पर मिलती है।

ञ-ट रेखा, बिन्दु "ञ" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र एवं ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ट" पर मिलती है।

ट-ठ रेखा, बिन्दु "ट" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ठ" पर मिलती है।

ठ-ड रेखा, बिन्दु "ठ" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ड" पर मिलती है।

ड-ढ रेखा, बिन्दु "ड" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ढ" पर मिलती है।

ढ-क रेखा, बिन्दु "ढ" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा एवं सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर शुरुआती बिंदु "क" पर मिलती है।

[फा. सं. 43015/5/2023-एलएआईआर]

**Ref.- SECL/RGH/GM/L&R/24/59 , RO 75**

भबानी प्रसाद पति, संयुक्त सचिव

विशेष अदालत का फैसला

# सपा नेता आजम खान को 10 साल की कैद

एजेंसी ▶▶ रामपुर



■ मकान खाली कराने के मामले में 14 लाख का जुर्माना भी

रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खां को गुरुवार को 10 साल की कैद और 14 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में खां तथा एक अन्य अभियुक्त ठेकेदार बरकत अली को बुधवार को दोषी करार दिया गया था। उन्हें आज सजा सुनायी गयी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि डूंगरपुर बस्ती के निवासी अबरार ने छह दिसम्बर 2016 को गंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें आजम खां, सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी आले हसन और ठेकेदार बरकत अली पर घर में घुसकर लूटपाट और मारपीट करने का आरोप लगाया गया था।

### ठेकेदार को सात साल की कैद

ठेकेदार बरकत अली को सात साल की कैद और छह लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में पूर्व पुलिस अफसर आले हसन भी अभियुक्त था, लेकिन उसके खिलाफ सुनवाई पर उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश की वजह से उसकी पत्रावली अलग कर दी गई थी।

## चीन ने समंदर में खड़े जहाज से लॉन्च किया रॉकेट

**नई दिल्ली।** चीन ने समंदर में खड़े जहाज से अपने दूसरे कॉमर्शियल रॉकेट की लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर दी है। इस रॉकेट ने चार सैटेलाइटस को अंतरिक्ष में तय ऑर्बिट में छोड़ दिया है। पानी के जहाज से लॉन्च होने वाले रॉकेट का नाम है Ceres-1. यह एक सॉलिड फ्यूल रॉकेट है। सेरेस-1 रॉकेट की लॉन्चिंग चीन के शैनडोंग प्रांत के पूरब में स्थित समंदर से की गई। लॉन्चिंग के लिए Tianqi 25-28 सैटेलाइट्स को लॉन्च किया गया। ये सैटेलाइट्स इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा कनेक्टिविटी के लिए काम करेंगे। यह बीजिंग की कंपनी गुओडियान गाओके के सैटेलाइट्स हैं।

## चक्रवात रेमल ने बरपाया पूर्वोत्तर के राज्यों में कहर

# भारी बारिश... कई शहर जलमग्न ...सेना कर रहा रेस्क्यू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर, मिजोरम असम, पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्य भारी बारिश के कारण काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कुछ इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। नदियों का पानी बढ़ने से सड़कें बह गईं, जिससे सामान्य जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हो रहा है। मणिपुर के इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इसमें तीन की मौत, जबकि हजारों लापता हो गए। मिजोरम में भी हालात बेकाबू हैं। आइजोल का खुमान लम्पक स्टेडियम पूरी तरह डूब गया है।

इंफाल, मणिपुर



### आर्मी कर रही रेस्क्यू

पश्चिमी इंफाल जिले के 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली। इन इलाकों में खुमान लैंपक, नगरम, सागोलबंद, उरीपोक, कीसमथोंग और पाओना क्षेत्र शामिल हैं। लगातार बारिश के कारण इंफाल नदी का तट पूर्वी इंफाल जिले के केइरंग, खाबम और लैरीयेंगबाम लीकाई इलाकों के पास टूट गया, जिसके कारण इन इलाकों में पानी घुस गया। एक अधिकारी ने कहा, "पूर्वी इंफाल जिले के हिंगांग और खुरई क्षेत्र के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई इलाकों में बाढ़ का पानी छाती के स्तर पर पहुंच गया है।" ऐसे में कई लोगों को आर्मी द्वारा रेसक्यू किया गया है।

आप का बड़ा आरोप

# 'केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रच रही भाजपा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बीजेपी पर आरोप बड़ा लगाया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि ईडी सीएम केजरीवाल के इलाज कराने का विरोध क्यों रह रही है। ये ईडी का विरोध नहीं है, बीजेपी की साजिश है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सीएम को कैंसर, किडनी हार्ट की जांच करानी है। आतिशी की ये प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब सीएम केजरीवाल ने रेगुलर बेल के लिए निचली अदालत का रुख किया है। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने सीएम की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया।

### सीएम की याचिका पर क्या बोली ईडी?

बता दें कि ईडी ने सीएम केजरीवाल की याचिका का विरोध किया है। ईडी की तरफ से कोर्ट को कहा गया है कि सीएम केजरीवाल चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आखिरी वक्त में जमानत की याचिका दायर कर रहे हैं। उनके आचरण की वजह से जमानत नहीं मिलनी चाहिए। बता दें कि दिल्ली की एक अदालत ने नियमित जमानत के अनुरोध वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी को शनिवार तक सीएम केजरीवाल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की एक अन्य याचिका पर भी ईडी से जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने नियमित जमानत याचिका स्वीकार नहीं किए जाने की स्थिति में चिकित्सा आधार पर एक सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। सीएम केजरीवाल फिलहाल इस मामले में 1 जून तक के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एकमात्र सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मसी प्रवेश हेतु 9691825979, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

### स्टाफ/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** स्टाफ कम ड्राइवर चाहिए विधान सभा के 5 किलोमीटर रहने वाले को प्राथमिकता वेतन 15000/- से 20000/- मासिक आधार कार्ड/ लाइसेंस के साथ मिले हमाली कार्य करने के लिए 5 मजदुर जो ठेके से काम करें। **कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु मोबाइल - 7725800600, 9826141178.** (RO-6260)

छोटा विज्ञापन

### घरेलु कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु पुरुष /महिला कर्मचारीयों (जोड़ी को प्राथमिकता) खाना बनाना-1, साफ सफाई-3, बगीचा -3, चौकीदार-3 कार ड्राइवर-2 रहने के लिए कमरा दिया जाएगा **पता- मकान नंबर 1104, जी.ऐ.डी. कॉलोनी, आनंदम वार्ड सिटी के पास कचना रायपुर 8770597574.**(RO-6256)

### देख- रेख

**आवश्यकता है-** कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग रेलवे स्टेशन के पीछे में होम केयरटेकर की आवश्यकता है योग्यता 12th पास **संपर्क 98268-03721.**(आरो न.-1097)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्कः निर्मल सेल्स, मो. 9300659227, 7566578910.**(RO-7478)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.**(RO-6260)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, **संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.**(RO-4422)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9425208201.** (RO-4421)

### कुक

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए देवेंद्र नगर सेक्टर 5E/ 176 में खाना बनाने हेतु अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता है रहने की व्यवस्था है **मोबाइल - 9826136230.** (RO-6257)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए, ड्यूटी टाइम **सुबह 8:30 - शाम 7:30 तक रहेगा। वेतन योग्यतानुसार स्थानः मेट्रो हाइट सोसायटी, तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्कः- 7024416652.**(RO-2779)

**आवश्यकता है-** 4 ड्राइवर एवं हेल्पर की अशोक लीलैंड दोस्त गाड़ी से माल डिलीवरी करने के लिए **संपर्क पताः- रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोंदवारा भनपूरी मोबाइल नंबरः- 07772016666.** (RO-2778)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सुपरवाइजर/गार्ड

**आवश्यकता है-** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में आवश्यकता हैं- मेल/ फिमेल की, सुरक्षागार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, फैक्ट्री कर्मचारी, ऑफिस कर्मचारी, हॉस्पिटल कर्मचारी इत्यादि **पता- विहान हॉस्पिटल के पास सड्डू रायपुर Mob. 8821038605.**(RO-2774)

### अकाउंटेंट/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** प्लाईवुड हार्डवेयर शोरूम के लिए निम्न पदों पर अनुभवी विवाहित मेल फिमेल अकाउंटेंट 2 सेल्समेन 2 लेबर 2योग्यतानुसार वेतन 4से5 अंको में **प्लाईंज ग्रीन चौक पेट्रोल पम्प के पीछे दुर्ग संपर्क 11 से 1 बजे मो.- 94252-37341.**(Ro-494)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। रिसेप्शनिष्ट एवं सुपरवाईजर, **संपर्क - 8889529055, 8319264719.**(Ro-491)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्कः- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन 4K से 5K योग्यतानुसार। **मैसेज/कॉल- 79998-47673 समय 11 से 5 तक** (Ro-487)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ-3, OT नर्स/ ब्रदर-1 एवं OT Technician-1 की आवश्यकता है Salary अनुभव के आधार पर (Rs 10000 से 20000) CV के साथ **सम्पर्क करें- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेंटर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर Mob- 9575042809 (10am से 7pm)** (Ro-35298)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक सामान की मार्केटिंग कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी + कमिशन 9000/- से 15000/- महीना, वेतन योग्यताअनुसार **संपर्क करें- 8962274079, 7749818444.** (RO-6259)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं, 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल, उतई भिलाई, जिला - दुर्ग (छ. ग.) पिन कोड - 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं : एम.बी.बी.एस- 5पद, बी.एससी नर्सिंग व GNM व ANM - मेल 10पद और फीमेल 10पद, आई.सी.यू इंचार्ज- मेल 10पद और फीमेल 10पद,बी.ए.एम.एस डॉक्टर- 5 पद, एक्सरे टेक्निशियन -5 पद, लैब टेक्नीशियन -5पद, OT टेक्नीशियन -5पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़के चाहिए- 5पद **संपर्क करें। मो.- 99071-27097, 97132-11728, 75870-08451.**(आरो न.-6338)

### मीडीया/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सीधी भर्तीः- PRO, COORDINATOR, COUNSELOR, MEDIA, SOCIAL MEDIA MARKETING, Salary 12000- 40000 onwards, JOB LOCATION- BILASPUR /RAIPUR, Job location:- all Chhattisgarh Contact:- 8770401175, 8770999194.(RO-2775)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163.**(RO-34309)

### मार्केटिंग/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** RS ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें प्रकाश स्विमिंग पूल के पास पचमढ़ी नाका मोबाइल नंबरः- 9300297203..**(RO-2777)

### सर्वेक्षण

**पन्ना पम्पस् & भूजल सर्वे-** कृषि घरेलू प्लाट, मकान, फैक्ट्री इत्यादि स्थलों में बोरवेल हेतु पानी जांच एवं सर्व वास्तु समस्या दोष निवारण कार्य (विगत 35 वर्षों से) **सम्पर्क -78692-39984 पन्ना लाल चन्द्राकर सिकोला बस्ती दुर्ग** (Ro-492)

### लेबर

**आवश्यकता है-** तुरंत आवश्यकता है राजनांदगांव के पास फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। (नोट–परिवार सहित रहने वालों को प्राथमिकता)। **संपर्क - 77229-16130.**(Ro-490)

### अन्य

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खाना फ्री.7495042110.(RO-2393)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियाँ गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 9883460031.**(RO-230)

**आवश्यकता है-** (फ्रॉड कॉल से सावधान ) RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के-लडकिया, गृहणिया, घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP **करें :- 07827428113, 07679699330.** (RO-1320)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ करें - 07903284986.(RO-233)

## Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732.** (Ro-482)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी के पीछे डूमर तालाब 15000 वर्गफुट बिल्डिंग + पार्किंग कॉलेज, कोचिंग कॉर्पोरेट ऑफिस हेतु उपयुक्त पूर्व मे नर्सिंग कॉलेज, DDUGKY संचालित था **संपर्क करेः- 9926127770, 9827999244.**(RO-2780)

**किराये से देना है-** ग्राम- डगनिया, तह-गुंदरदेही (दुर्ग- बालोद मेन रोड) 4200 वर्गफीट में निर्मित गोडाउन किराए से देना है। **संपर्क : 89595-44444.**(Ro-493)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




## Healthcare

### गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज

संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

### ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

### छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# भारत की मौजूदा टीम में 10 खिलाड़ी 30 से ज्यादा उम्र के, 2007 के चैंपियंस की औसत उम्र थी 23 साल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप को शुरू होने में अब बस एक दिन का वक्त बचा है। सभी टीमें इसकी तैयारी में जुटी हुई हैं। भारतीय टीम भी न्यूयॉर्क पहुंच चुकी है और ट्रेनिंग सेशन भी शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया 2007 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने उतरी है।

हिटमैन उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिसने 2007 में भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप की ट्रॉफी उठाई थी। अब वह अपने खिलाड़ियों को दूसरी बार यह ट्रॉफी उठाने के लिए प्रेरित करेंगे। भारत ने 2013 के बाद से कोई आईसीसी ट्रॉफी भी नहीं जीती है। ऐसे में रोहित एंड कंपनी आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को भी खत्म करने उतरेगी। पिछली बार टीम इंडिया ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

टी20 विश्व कप



## रोहित का 9वां, कोहली का छठा टी20 वर्ल्ड कप

टी-20 विश्व कप में अनुभव और रनों के मामले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के कोई आसपास भी नहीं है। रोहित का यह नौवां और विराट का छठा टी-20 विश्व कप होगा। रोहित (39) और विराट (27) दोनों ने मिलकर टी-20 विश्व कप के 66 मैच खेले हैं। 2007 का विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य रोहित के नाम सभी नौ टी-20 विश्व कप खेलने का अनोखा रिकॉर्ड बनेगा। ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 विश्व कप के बाद दोनों का इस विश्व कप में खेलना तय नहीं था, लेकिन चयनकर्ताओं ने दोनों के अनुभव को वरीयता देते हुए उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल किया। ऐसे में ये दोनों भी जानते हैं कि उन पर बड़ी जिम्मेदारी है और दोनों इस मौके को दोनों हाथों से भुनाना चाहेंगे।

## 2007 और 2024 टी20 विश्व कप के टीम इंडिया की तुलना

एक चीज जो इस टी20 विश्व कप में देखने लायक है, वह है टीम इंडिया के खिलाड़ियों की उम्र। इस विश्व कप में अब तक की सबसे अनुभवी टीम इंडिया खेलने गई है। मौजूदा टीम इंडिया की औसत उम्र 30.3 साल की है। 15 खिलाड़ियों की इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी उम्र 30 या इससे ज्यादा की है। जब भारत ने पिछली बार यानी 2007 में यह ट्रॉफी जीती थी, तो उस वक्त एक नई टीम इंडिया पहुंची थी। उस टीम का कोई भी खिलाड़ी 30 से ज्यादा उम्र का नहीं था। 2007 में चैंपियन बनी टीम इंडिया की औसत उम्र 23 साल की थी। उस टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भारत के मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर थे। तब उनकी उम्र 29 साल की थी।



### 2007 चैंपियन टीम

| खिलाड़ी | उम्र |
|---|---|
| एमएस धोनी | 26 |
| युवराज सिंह | 25 |
| वीरेंद्र सहवाग | 28 |
| गौतम गंभीर | 25 |
| रोहित शर्मा | 20 |
| रॉबिन उथप्पा | 21 |
| दिनेश कार्तिक | 22 |
| यूसुफ पठान | 24 |
| इरफान पठान | 22 |
| हरभजन सिंह | 27 |
| पीयूष चावला | 18 |
| आरपी सिंह | 21 |
| एस श्रीसंत | 24 |
| जोगिंदर शर्मा | 23 |

### 2024 : वर्तमान टीम

| खिलाड़ी | उम्र |
|---|---|
| रोहित शर्मा | 37 |
| विराट कोहली | 35 |
| रवींद्र जडेजा | 35 |
| सूर्यकुमार यादव | 33 |
| युजवेंद्र चहल | 33 |
| हार्दिक पांड्या | 30 |
| शिवम दुबे | 30 |
| जसप्रीत बुमराह | 30 |
| अक्षर पटेल | 30 |
| मोहम्मद सिराज | 30 |
| कुलदीप यादव | 29 |
| संजू सैमसन | 29 |
| ऋषभ पंत | 26 |
| अर्शदीप सिंह | 25 |
| यशस्वी जायसवाल | 22 |

## खबर संक्षेप



### मेसी के गोल के बावजूद हारा इंटर मियामी

**फोर्ट लॉडरडेल।** लियोनल मेसी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ बुधवार रात 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेसी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता पहला यूरोपीय खिताब



**एथेंस।** ओलिंपियाकोस ने बुधवार को यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा।

फ्रेंच ओपन : ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से हराया

# स्वियाटेक ने मैच प्वाइंट बचाने के बाद ओसाका को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वियाटेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी।

स्वियाटेक ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी।' इस जीत के साथ स्वियाटेक ने रोलां गैरो पर अपनी जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज करने पर टिकी हैं।



### जोकोविच की आसान जीत

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां लगातार सेट में जीत दर्ज करके तीसरे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच को राबर्टो कार्बालेस बेयना को पराजित करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को दो घंटे चार मिनट में 6-4, 6-1, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी जापान की क्वालीफायर मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। एलेना रायबाकिना ने अरांटेक्सा रुस को 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं।

### सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके

खराब मौसम के कारण बुधवार को सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके और विजेताओं में कोको गॉफ, ओन्स जेब्युर, सोफिया केनिन, कार्लोस अल्कारेज, स्टेफानोस सिटसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल रहे।

### भारतीय हॉकी टीम का लंदन में भव्य स्वागत



**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने यहां एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आयी है जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा, 'टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। सभी के हॉकी तक के सफर की कहानी शानदार है।'

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास : पंत

**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद भावनात्मक वापसी करते हुए इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। पंत ने 'बीसीसीआई.टीवी' से कहा, 'भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है।

# प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन के खिलाफ पहली बार जीती क्लासिकल बाजी

नॉर्वे शतरंज
तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बनाई बढ़त



एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली।

कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो कारुआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। कारुआना ने गत विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया। उनकी क्लासिकल प्रारूप में लिरेन पर यह पहली जीत है। इस हार के साथ लिरेन छह खिलाड़ियों की तालिका में दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। उनके 2.5 अंक हैं।

### क्लासिकल शतरंज धीमा खेल

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है।

### वैशाली महिला वर्ग में शीर्ष पर

प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं।वैशाली ने तीसरे दौर में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आर्मगेडोन बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। मुजीचुक को एक अंक मिला। चीन की महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू 4.5 अंक के साथ दूसरे जबकि उनकी हमवतन टिंगजी लेई चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मुजिचुक, स्वीडन की पिया क्रेमलिंग और भारत की कोनेरू हंपी तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दोनों वर्ग में सात दौर का खेल बाकी है।

# त्रिसा और गायत्री ने दूसरी रैंकिंग वाली जोड़ी को हराया

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा।

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11- 20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। पुरुष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया।

## भारत-पाकिस्तान टी20 मैच पर आतंकी खतरा, 'लोन वुल्फ' अटैक की धमकी!

**न्यूयार्क।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को हाईप्रोफाइल मुकाबला होना है। इस मैच से से पहले न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में मौजूद नासाऊ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि इस मैच में आतंकी हमला हो सकता है, इस लेकर सुरक्षाकर्मी संभावित हमले की संभावना को देखते हुए पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस मैच में किसी भी परस्थिति से निपटने के लिए व्यापक उपाय कर रहे हैं। इस मैच के लिए पुलिस की मौजूदगी जमीन से लेकर हवा में रहेगी।

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

**नोटिस**

क्रमांक/06/ब-121/2023-24/728 — रायपुर, दिनांक 22 मई, 2024

प्रति,

1. **मेसर्स ब्लोसम (Borrower) प्रोप्राईटर सहबाज खान व मकबुल**, शाप नं. 8, विजेता काम्पलेक्स के सामने, मेन रोड शास्त्री मार्केट, रायपुर.
2. **श्रीमती शहजादी बेगम (Guarantor)**, जनता हाउस नं. 393, अमलीडीह, आरडीए कालोनी, राजेन्द्र नगर, स्कीम नं. 22, रायपुर.

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक सुंदर नगर शाखा रायपुर** की ओर से **नीलम बरेठ अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपने बैंक से **8,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर, **श्रीमती शहजादी बेगम** के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी। आपे द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया है कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया **8,21,265.50** अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गयी संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक सुंदर नगर शाखा रायपुर** से **8,00,000.00** रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा- अमलीडीह, प.ह.नं. 114, रायपुर स्थित खं. नं. 04 का भाग में रायपुर विकास प्राधिकरण का राजेन्द्र नगर स्कीम नं. 22 द्वारा निर्मित जनता हाउस नं. 393 रकबा 430 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है ।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रख गई अचल संपत्ति को वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रख गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक **15.07.2024** को ठीक **3:00** बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें । नियम तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 22 मई 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(सील)

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर**

HMS ARSH-RAHAT HERBAL CAPSULE
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# टाइटैनिक के टुकड़े देखने जाएंगे ये अरबपति, 12 हजार फुट नीचे समुद्र में उतरने का प्लान


एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

आज से ठीक 113 साल पहले इंग्लैंड के साउथम्पैटन से अमेरिका के न्यूयार्क की ओर जा रहा टाइटैनिक अटलांटिक महासागर में समा गया था। उस वक्त आधी रात थी, और शिप पर सवार ज्यादातर यात्री गहरी नींद की आगोश में थे। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री हादसा था, जिसमें लगभग 1500 लोग मारे गए थे। यह जहाज समुद्र में तकरीबन 12 हजार फुट नीचे दो हिस्सों में बंट गया था। 1985 में इसके टुकड़े वहां से हटाए गए। लेकिन इसे लेकर तमाम रहस्य आज भी बरकरार हैं। बहुत लोगों की इच्छा होती है कि वे उस जगह तक जाएं और टाइटैनिक के टुकड़े देखें। लेकिन वहां जाने के लिए पहले तो साहसी होना जरूरी है, और दूसरा-खर्च इतना ज्यादा आना है कि हर कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता। अब दो अमेरिकी अरबपतियों ने टाइटैनिक के टुकड़े देखने के लिए समुद्र में उतरने का ऐलान किया है।

## टाइटैनिक के डूबे हुए 113 साल हो गए, तब से इसके बारे में जानने को उत्सुक हैं लोग

### 12,467 फीट की गहराई तक जाएंगे

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी शहर ओहियो के अरबपति लैरी कॉनर और ट्राइटन सबमरीन के मालिक पैट्रिक लाहे ने यह प्लान बनाया है। पैट्रिक लाहे ने कहा, हम जहाज के अवशेष देखने के लिए एक पनडुब्बी से अटलांटिक महासागर में 12,467 फीट की गहराई तक जाएंगे। पिछले साल भी ऐसी एक कोशिश की गई थी। लेकिन ओशनगेट द्वारा निर्मित एक जहाज रास्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब उसमें सवार पाकिस्तानी व्यवसायी शहजादा दाऊद समेत सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।



### 4000 मीटर नीचे तक जा सकती है पनडुब्बी

अरबपति लैरी कॉनर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह यात्रा तभी होगी, जब जहाज को किसी समुद्री संगठन द्वारा पूरी तरह प्रमाणित कर दिया जाएगा। यह टीम ट्राइटन 4000/2 एबिसल एक्सप्लोरर पनडुब्बी से जाने की योजना बना रही है। यह 4 हजार मीटर की गहराई तक उतर सकती है। ओशनगेट टाइटन पनडुब्बी कार्बन फाइबर से बनी थी। उसे सिर्फ 1,300 मीटर नीचे जाने के लिए ही प्रमाणपत्र मिला था। लेकिन टाइटैनिक का मलबा तो 3,800 मीटर नीचे है। कॉनर ने कहा, महासागर अत्यंत शक्तिशाली है।

# यहां घर में काम करने वाले नौकरों की सैलरी सवा करोड़

*आपने तमाम अच्छी नौकरियों के बारे में सुना होगा, जिनमें सैलरी इतनी ज्यादा होती है कि बहुत सारे लोग सोच भी नहीं सकते। मगर हर किसी की किस्मत कहां? लेकिन, कुछ नौकरियां ऐसी भी हैं, जहां काम कम और पैसे ज्यादा मिलते हैं। अगर, आपसे कोई पूछे कि घर में काम करने वाले नौकर को सबसे ज्यादा कितनी सैलरी मिलती होगी, तो शायद आपका जवाब होगा। 50 हजार, 60 हजार या एक लाख महीना। लेकिन धरती पर एक जगह ऐसी भी है, जहां घर में काम करने वाले नौकरों को सवा करोड़ करोड़ सैलरी मिल रही है। इतना नहीं, इस साल तो इंक्रीमेंट भी दोगुना हुआ है। फिर  भी काम करने वाले ढूंढे नहीं मिल रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में वेस्ट पाम बीच और बोका रैटन नाम की जगह है। जहां अमेरिका के सबसे अमीर लोग रहते हैं। आप जानकर हैरान होंगे कि ये लोग अपने घर में काम करने वाले हाउसकीपर यानी नौकरों को हर साल 150,000 डॉलर तक सैलरी दे रहे हैं। भारतीय रुपयों में देखें तो यह सवा करोड़ रुपए से ज्यादा बैठता है। इतना ही नहीं, ओवरटाइम के अलग से पैसे मिलते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस से लेकर तमाम तरह की सुविधाएं भी दी जाती हैं। इतनी ज्यादा तनख्वाह होने के बावजूद यहां काम करने के लिए लोगों को नौकर नहीं मिल रहे हैं।

## सुनकर सदमे में आ जाएंगे बड़े-बड़े अफसर

### अमेरिका के सबसे अमीर लोग रहते यहां

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, वेस्ट पाम बीच और बोका रैटन अरबपतियों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। लोग यहां रहने के लिए आ रहे हैं। कई लोगों ने तो बड़ी-बड़ी कोठियां बना रखी हैं। यही वजह है कि बीते दस साल में यहां की जनसंख्या लगभग 13 प्रतिशत बढ़ी है। अमीर लोग होने की वजह से इस इलाके में पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नौकरों की डिमांड काफी ज्यादा हो गई है। आप जानकर हैरान होंगे कि हाउसकीपर का वेतन 2020 में लगभग 25 डॉलर प्रति घंटे था, जो बढ़कर इस साल 45 या 50 डॉलर प्रति घंटे हो गया है।



### हाउसकीपर्स के लिए तो यह गोल्डन टाइम

घरेलू नौकर मुहैया कराने वाली एजेंसी द वेलिंगटन की संस्थापक अप्रैल बेरुबे ने कहा, मैं बीते 30 साल से यहां के परिवारों के लिए घरेलू नौकर मुहैया करा रही हूं, लेकिन जिस तरह की डिमांड इस बार आई है, वैसी इससे पहले कभी नहीं आई। अमीर लोग खुशी-खुशी नौकरों को मोटा पैसा देने के लिए तैयार हैं। हाउसकीपर्स के लिए तो यह गोल्डन टाइम है, लेकिन हमारे लिए मुश्कलि वक्त। क्योंकि नौकर ही नहीं मिल रहे हैं। ज्यादा क्वालिटी वाली नौकरियां चाहिए, तो बहुत सारा पैसा चुकाना होता है।

### खुशी-खुशी मोटा पैसा देने के लिए तैयार

स्टाफिंग कंपनी लिली पॉन्ड सर्विसेज की मेलिसा सिटोस ने कहा, कोविड के बाद से बड़ा बदलाव आया है। ये लोग बहुत धनवान हैं। ये सबसे अच्छा नौकर चाहते हैं। इसके लिए खुशी-खुशी मोटा पैसा देने के लिए भी तैयार हैं। वे चाहते हैं कि उनके घर की देखभाल स्मार्ट लोग करें। वे चाहेंगे कि उनका इटैलियन कालीन बर्बाद न हो। उनका संगमरमर का फर्श खराब न हो।

### डोनॉल्ड ट्रंप का रिसॉर्ट भी यहीं पर

फोर्ब्स की रैंकिंग के अनुसार, पिछले वर्ष पाम बीच फ्लोरिडा का 10वां सबसे धनी शहर था। यहां रहने वाले लोगों की औसत मासिक आय 332,764 डॉलर यानी लगभग 2.77 करोड़ रुपए से ज्यादा हैं। यहां बने घरों की औसत वैल्यू 12 करोड़ रुपए से अधिक हैं। यहां बीच पर सुपर-नौकाएं खड़ी रहती हैं और सड़कें लेम्बोर्गिनी और रोल्स रॉयस से भरी रहती हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का मार-ए-लागो रिसॉर्ट भी यहीं पर है। अरबपति पॉल ट्यूडर जोन्स की 71 मिलियन डॉलर की विशाल हवेली भी यहीं है।

# निर्वाचन कार्यालय के गोडाउन में आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जिला पंचायत से लगे हुए स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के गोडाउन में गुरूवार की शाम अचानक आग लग गई। गोडाउन की खिड़की से आग की लपटें और धुआं निकलते देख वहां उपस्थित कर्मचारी आनन-फानन में अग्निशमन यंत्र लेकर आग बुझाने दौड़े और दमकल के पहुंचने के पहले आग पर काबू पा लिया।

कलेक्टोरेट, नई कंपोजिट बिल्डिंग और जिला पंचायत भवन के ठीक पीछे एक तरफ जिला निर्वाचन कार्यालय का गोडाउन है, उसके बगल में स्थानीय निर्वाचन कार्यालय का गोडाउन है। शाम को करीब सवा पांच बजे जब आसपास के सभी शासकीय कार्यालयों के कर्मचारी अपने-अपने घरों को जाने की तैयारी में थे, तभी स्थानीय निर्वाचन कार्यालय की खिड़की से धुआं निकलते देखा गया, जब कर्मचारियों ने ध्यान से देखा तो गोडाउन के भीतर आग की लपटें दिखाई दीं। इसके बाद तो वहां पर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और गोडाउन में आग लगने की खबर



आसपास के कार्यालयों में फैल गई। देखते ही देखते वहां पर कर्मचारियों की भीड़ लग गई। गोडाउन में आग लगने की सूचना फायरबिग्रेड को दी गई। लेकिन आग कहीं और ज्यादा न फैल जाए, इसलिए निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी ही वहां रखे अग्निशमन यंत्र लेकर आग बुझाने दौड़ पड़े और कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र की मदद से गोडाउन में लगी आग को बुझाया। कुछ ही देर में वहां फायरबिग्रेड भी पहुंच गया, किन्तु तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।

### बिजली के बोर्ड में लगी थी आग

बताया जा रहा है कि गर्मी में शार्ट सर्किट की वजह से स्थानीय निर्वाचन के गोडाउन के बिजली के बोर्ड में आग लगी और यह आग बढ़ने लगी थी। आग से किसी तरह बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हो पाया, क्योंकि गोडाउन में लोहे वाली पुरानी मतपेटियां रखी हुई थीं। लेकिन आग अगर नीचे जिला निर्वाचन के गोडाउन तक पहुंच जाती तो काफी खतरनाक हो सकती थी, क्योंकि उस गोडाउन में ईवीएम रखी हुई हैं।

# पॉकेट मनी की जगह बच्चों को सैलरी देता है ये करोड़पति

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

बच्चों के भविष्य की चिंता हर माता-पिता को लगी रहती है। चाहे वो अमीर हो या न हो। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होने लगते हैं, उन्हें संस्कार के साथ पैसों की अहमियत समझाई जाती है। पैसे कैसे बचाने हैं, इसके बारे में बताया जाता है। क्योंकि, यही उनके भविष्य की नींव तय करते हैं। बच्चों को कम उम्र में पैसे का सही से इस्तेमाल सिखाने से उनके पूरी जीवन पर फर्क पड़ता है। यही सोचकर अमेरिका के एक करोड़पति ने अपने बच्चों को पॉकेट मनी की जगह सैलरी देना शुरू कर दिया है। वे बच्चों को तब पैसे देते हैं, जब वे कोई काम करके आते हैं। कहा-इससे बच्चों में पैसा कमाने की आदत बनेगी। उनका यह तरीका खूब वायरल हो रहा है।

### बताई ये वजह, लोग करने लगे तारीफ

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिग्गज कंपनी लेक के सीईओ डेविड सिकारेली ने बताया कि वे अपने बच्चों को पैसे की अहमियत कैसे बताते हैं। डेविड सिर्फ 30 साल की उम्र में करोड़पति बन गए थे। उनके चार बच्चे हैं, जिनकी उम्र 12 से 20 साल हैं।

# आरक्षक ने 17 लाख रुपए की शासकीय राशि का किया गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विश्रामपुर

सूरजपुर जिले के विश्रामपुर थाने में वर्तमान में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 537 दीपक सिंह के खिलाफ जयनगर पुलिस ने शासकीय राशि के गबन करने के मामले में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गुरुवार को आरोपी आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह 36 वर्ष निवासी माइनस कॉलोनी क्वार्टर नंबर 117 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरक्षक दीपक सिंह वर्ष 2016 से 2022 के दौरान जयनगर थाने में पदस्थ था ,यहां वह कोर्ट मोहर्रिर का कार्य देखता था। थाने में



पदस्थापना के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वसूली गई अर्थदंड की राशि जिसे चालान के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक सूरजपुर शाखा से शासन के खाता क्रमांक 0041 में जमा किया जाना होता है।बताया जाता है कि कोर्ट मोहर्रिर का कार्य करने वाले सिपाही दीपक सिंह को उक्त कार्य की जवाबदेही थाना प्रभारी द्वारा दी गई थी जिसे थाने द्वारा दी गई राशि को चालान पत्र भरकर एसबीआई शाखा सूरजपुर में जमा किया जाना था लेकिन आरक्षक दीपक सिंह ने शातिराना तरीके से कुल पचपन प्रकरणों की राशि सत्रह लाख चार हजार तीन सौ साठ रुपये बैंक खाते में जमा नहीं किया बल्कि फर्जी बैंक चालान  बनवाकर उसकी प्रति में बैंक का सील मुहर लगाकर थाना व ट्रेजरी में जमा कर दिया।उक्त कार्य आरक्षक द्वारा लंबे समय तक करने के बाद भी किसी को खबर तक नहीं लगी लेकिन पिछले दिनों ऑडिट के दौरान सूरजपुर पुलिस द्वारा जिला कोषालय में एसबीआई के चालान के माध्यम से जमा की गई राशि में भारी अंतर पाई गई ।

# छुट्टियां मनाने विदेश गया शख्स, बैग में रख ली  ऐसी चीजें, लगा 7 लाख जुर्माना

**न्यूयार्क।** छुट्टियां मनाने के लिए कहीं भी जाएं, तो वहां के नियम कानून और कायदे जरूर जान लें। उनके बारे में अच्छे से पढ़ लें। कहीं ऐसा न हो कि अनजाने में हुई एक छोटी सी गलती इतनी भारी पड़ जाए कि आप माथा पीटते रह जाएं। क्योंकि, एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ है। वह विदेश घूमने के लिए गया था, लेकिन छोटी सी लापरवाही से बड़ी मुश्कलों में फंस गया और अब उस पर 7 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। वह तब तक नहीं आ सकता, जब तक कि पूरा जुर्माना न भर दे।

एक दिन अचानक उन्होंने बैग पैक किया और निकल लिए। दोस्तों के साथ पूरे आइलैंड का चक्कर काटा। गन रेंज में भी घूमने गए। वहीं पर अनजाने में दो गोलियां उन्होंने अपने बैग में रख ली। उन्हें यकीन नहीं था कि इसकी वजह से वे मुसीबत में फंस जाएंगे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371





TOLL FREE NO. 1800-266-0018
WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW**
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY^ *Conditions apply
Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com
Exchange Powered By Wheels of Trust** Exchange any old two-wheeler for a new Hero at best resale value. For more details, visit www.wheelsoftrust.com
SCAN FOR BEST RESALE VALUE

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीवः ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com